RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

श्रीकंचनपथ

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

साझा करें अपने मित्रों से

श्रीकंचनपथ ONLINE

वर्ष- 13, अंक - 200 | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, रविवार 8 मई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

खास खबर

नक्सली पहले देश के संविधान पर विश्वास जताएं, फिर होगी बातचीत-सीएम बघेल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नक्सलियों से बातचीत के मामले में दो टूक कहा है कि नक्सली पहले देश के संविधान पर विश्वास जताएं, उसके बाद ही उनसे बातचीत की जा सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आदिवासियों का दिल जीता है। अब लोग वहां सड़के बनाने और कैंप खोलने की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य सरकार की नीति से अब नक्सली एक छोटे से क्षेत्र में सिमटकर रह गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को प्रतापपुर में हुई प्रेस वार्ता में सवालों का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रतापपुर में कृषि महाविद्यालय खोलने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यहां पर अपर कलेक्टर का लिंक कोर्ट भी खोला जाएगा।



कॉमर्स गुरू डॉ. संतोष राय को हाउस ऑफ कॉमन्स मे होगा सम्मान

भिलाई। कॉमर्स मेरी जिदंगी है। कॉमर्स मेरा वजूद है। कॉमर्स मेरी पहचान है, कॉमर्स मेरी दुनिया है । जब इस्पात नगरी मे कॉमर्स को तृतीय दर्जे का विशय समझा जाता था तब आज से 25 वर्श पूर्व कॉमर्स की कक्षाओं के माध्यम से सी.ए./सी.एम.ए./सी.एस. एवं 11वीं, 12वीं की कक्षाएं डॉ. संतोश राय संचालित करते हुए छात्रो को कॉमर्स की महत्ता एवं उपयोगिता बताया करते थे। डॉ. राय द्वारा निरंतर सेमीनार, विशय विषेशज्ञो द्वारा कैरियर मार्गदर्षन, अन्य माध्यमो से छात्रो का विकास किया जाता था। डॉ. संतोष राय के इस जुनून को देखते हुए देश ही नहीं बल्कि विदेश मे भी अब तक लगभग 100 से अधिक बार उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। संतोष राय का नाम गिनिज बुक, लिमका बुक, इंडियाँ बुक एवं एषिया बुक मे दर्ज है। डॉ.संतोष राय को लंदन के हाउस ऑफकामन्स मे ''आउट स्टैंडिंग कन्ट्रीबुषन टू कॉमर्स एजुकेषन इन इंडियाँ'' टाइटल से सम्मानित किया जाएगा।

चिंतन शिविर से पहले बड़ी तैयारी में कांग्रेस

कमजोर वर्गों को कोटा इन लोगों पर चलेगा सोटा

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस का उदयपुर में चिंतन शिविर होने वाला है और उससे पहले पार्टी की कई कमेटियां प्रस्ताव तैयार करने में जुटी हैं। इनमें से ही एक अहम प्रस्ताव पार्टी के अंदर कमजोर वर्ग के नेताओं को आरक्षण देने का है। दलित, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के नेताओं को संगठन में 50 फीसदी आरक्षण दिए जाने पर विचार चल रहा है। इसके अलावा पार्टी के ढांचे में भी बदलाव करने की तैयारी है। इन प्रस्तावों को पहले कांग्रेस वर्किंग कमेटी के समक्ष रखा जाएगा और वहां से मंजूरी मिलने के बाद इसे चिंतन शिविर में पेश किया जाएगा।

शनिवार देर रात तक कांग्रेस की ओर से गठित कमेटियों की मीटिंग चलती रही। इसकी वजह यह है कि जिन प्रस्तावों को तैयार किया जा रहा है, उन्हें सोमवार को दिल्ली में होने वाली वर्किंग कमेटी की बैठक में पेश किया जाएगा। फिलहाल कांग्रेस के संगठन में ओबीसी, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के नेताओं के लिए 20 फीसदी के आरक्षण का ही प्रावधान है, जिसे बढ़ाकर 50 पर्सेंट किए जाने का प्रस्ताव है। नेताओं का कहना है कि जो प्रस्ताव तैयार किया गया है, उसके मुताबिक ब्लॉक कमेटी से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक यह आरक्षण रहेगा। इसके जरिए सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व दिए जाने की कोशिश की जाएगी।

प्रदेश संगठनों में झगड़े निपटाने का भी बनाया प्लान

इसके अलावा प्रदेश संगठनों में टकराव को रोकने के लिए भी योजना बन रही है। इसके लिए प्रदेश अध्यक्षों को सशक्त किया जाएगा कि वे जिला अध्यक्षों की नियुक्ति खुद से कर सकें। अब तक हाईकमान की ओर से ही जिलाध्यक्षों को भी नामित किया जाता रहा है।

सचिवों की संख्या में होगी बड़ी कटौती, हर नेता का नहीं होगा राष्ट्रीय कद

कांग्रेस में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था पहले ही रही है। सामाजिक वर्गों को प्रतिनिधित्व देने के लिए कांग्रेस ने जो कमेटी बनाई है, उसमें दिग्विजय सिंह, कुमारी शैलजा, मीरा कुमार, के. राजू, एसएस रंधावा और अन्य नेताओं को शामिल किया गया है। इसके मुखिया के तौर पर सलमान खुर्शीद कामकाज संभाल रहे हैं। वहीं कांग्रेस अब पैनलों की संख्या और उसके सदस्यों में भी कटौती करना चाहती है। पार्टी का मानना है कि उन नेताओं को हटाया जाएगा, जिनकी छवि बहुत अच्छी नहीं है और वे ऊंचे पदों पर बैठे हैं। खासतौर पर कांग्रेस के सचिव के पद पर करीब 100 नेता हैं। इस संख्या में कटौती की जाएगी और इसे 30 तक ही लाया जाएगा।

हिंदुत्व का मुकाबला सामाजिक न्याय से करने की तैयारी

दरअसल कांग्रेस के नेताओं को ऐसा लगता है कि इसके जरिए वे कमजोर वर्गों में यह बता सकेंगे कि पार्टी में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। कांग्रेस के रणनीतिकारों का मानना है कि पार्टी की लगातार हो रही हार की वजह यह है कि कोई भी वर्ग पूरी तरह से कांग्रेस के प्रति समर्पित नहीं दिखता है। ऐसे में कुछ वर्गों के बीच कांग्रेस जाने का प्लान बना रही है ताकि उन्हें लुभाया जा सके। इसी प्लानिंग के तहत 3 अहम वर्गों ओबीसी, दलित और मुस्लिमों के बीच पैठ बनाने की तैयारी है। इसके अलावा पार्टी को लगता है कि भाजपा के हिंदुत्व और राष्ट्रवाद का मुकाबला भी वह सामाजिक न्याय की अवधारणा के जरिए कर सकती है।

बस्तर में तैनात जवान अब फ्लाइट से दिल्ली तक करेंगे सफर

गृह मंत्रालय से अनुबंध के बाद जगदलपुर पहुंची इंडिगो प्लेन

श्रीकंचनपथ न्यूज

बस्तर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर में तैनात अर्धसैनिक बलों के जवानों को केंद्र सरकार ने नि:शुल्क विमान सेवा की बड़ी सौगात दी है। शनिवार को 78 सीटर इंडिगो विमान जगदलपुर पहुंचा। मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान का वाटर केनन से स्वागत किया गया। पहले दिन इस विमान से 37 जवान रायपुर होते हुए दिल्ली रवाना हुए। जवानों को एयरपोर्ट पर तिरंगा झंडा देकर व मिठाई खिलाकर रवाना किया गया। इस दौरान बस्तर आईजी सुंदरराज पी., सीआरपीएफ के डीआईजी अखिलेश प्रताप सिंह, कलेक्टर रजत बंसल, एयरपोर्ट संचालक शभौमिक उपस्थित रहे।

दरअसल, बस्तर के नक्सल मोर्चे पर तैनात अर्धसैनिक बलों के जवान देश के कोने-कोने से आते हैं। जवान अपने घरों से कोसों दूर रहते हैं। लंबे समय बाद जवानों को अपने परिवार से मिलने के लिए छुट्टी मिलती है, तब उनका बहुत समय सफर में खत्म हो जाता है। इसे देखते हुए मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स और इंडिगो के बीच एक करार हुआ है, जिसके तहत बस्तर में तैनात फोर्स के जवानों को दिल्ली तक की यात्रा के लिए यह सेवा शुरू की गई है। इंडिगो की फ्लाइट शनिवार, रविवार और बुधवार को जगदलपुर एयरपोर्ट आएगी और जवानों को रायपुर होते हुए दिल्ली लेकर जाएगी।

आमजनों को जल्द मिलेगी हवाई सुविधा

बस्तर कलेक्टर रजत बंसल ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जवानों के लिए यह सुविधा शुरू की है, जिसमें 78 सीटर इंडिगो का विमान सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शनिवार और रविवार को जगदलपुर से रायपुर होते हुए दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी। इस विमान में जवानों के लिए 60 सीटें आरक्षित होंगी। कलेक्टर ने आमजनों के लिए भी जल्द ही इंडिगो की विमान सेवा शुरू होने की बात कही है। उन्होंने बताया कि जगदलपुर पहुंचे इंडिगो के अधिकारियों को जिला प्रशासन के अफसरों ने एयरपोर्ट का सर्वे करवाया, जिसे उन्होंने कमर्शियल फ्लाइट के लिए उपयुक्त माना है। राज्य शासन को इसकी जानकारी दी जाएगी।

घर पहुंचने में कई दिन लग जाते थे

पहली उड़ान से अपने घर जा रहे कोबरा बटालियन करनपुर में पदस्थ हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी अजीत यादव ने बताया कि पहले उन्हें घर पहुंचने में लगभग 3 दिन लग जाते थे। यह यात्रा बहुत अधिक थकाउ होती थी, लेकिन अब यहां से लगभग 5 बजे जगदलपुर से निकलकर रात लगभग 9 बजे दिल्ली पहुंचने के बाद वहां से लगभग एक घंटे में अपने गांव पहुंच जाऊंगा। इससे परिवार के बीच ज्यादा समय बिताने का अवसर मिलेगा। परिवार में भी खुशी है। डीआईजी कार्यालय में पदस्थ राजस्थान के झुंझनू जिले के जयसिंह ने इस योजना के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सरकार की संवेदनशीलता है जो जवानों की समस्या को समझते हुए उन्हें यह सौगात दे रही है।

इंडिगो विमान का शेड्यूल और तय कोटा

प्रत्येक उड़ान में 60 जवानों को यात्रा की सुविधा मिलेगी, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिए 20, सीमा सुरक्षा बल और भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस के लिए 15-15, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के लिए 3, सशस्त्र सीमा बल के लिए 4, आईबी के लिए एक व असम रायफल्स के लिए 2 सीट आरक्षित रहेगी। यह विमान दोपहर 12.10 बजे दिल्ली से रवाना होगी और दोपहर 3 बजे रायपुर पहुंचेगी। रायपुर से 3.20 बजे रवाना होकर शाम 4.30 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। वहीं जगदलपुर से यह विमान 16.50 बजे रवाना होकर शाम 5.40 बजे रायपुर पहुंचेगी। रायपुर से 6.20 बजे रवाना होकर रात 9.10 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

फर्जी ग्राम सभा की जांच की मांग, टीएस सिंह देव ने किया ग्रामीणों का समर्थन

श्रीकंचननपथ न्यूज

रायपुर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंह देव ने कथित फर्जी ग्राम सभा की जांच के लिए परसा कोयला खदान परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों की मांग का समर्थन किया है, जिसके आधार पर परियोजना को मंजूरी दी गई थी। चार जिलों के अपने चार दिवसीय दौरे के समापन के बाद शनिवार शाम यहां अपने सरकारी आवास पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने पूछा कि अगर ग्रामीण मांग कर रहे हैं तो फिर से एक ग्राम सभा आयोजित करने में समस्या क्यों होनी चाहिए।

राज्य के सरगुजा संभाग में परसा कोयला परियोजना के खिलाफग्रामीणों के विरोध के बारे में पूछे जाने पर सिंह देव ने कहा कि फतेहपुर, हरिहरपुर और साल्ही गांवों के निवासी जिन्हें परियोजना पर आपत्ति है वे उदयपुर विकास खंड का हिस्सा हैं, जो मेरे विधानसभा क्षेत्र (अंबिकापुर) में है। लगभग सभी ग्रामीण कहते रहे हैं कि वे अपनी जमीन परियोजना के लिए नहीं देना चाहते हैं।

फिर से आयोजित की जाए ग्रामसभा

उन्होंने कहा, वे ग्राम सभा के प्रस्ताव का दावा करते रहे हैं, जिसके माध्यम से यह दिखाया गया है कि उन्होंने परियोजना को सहमति दी थी, वह फर्जी था। इसलिए वे चाहते हैं कि ग्राम सभा फिर से आयोजित की जाए, जिसके बाद आगे निर्णय लिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कथित फर्जी ग्राम सभा की जांच होनी चाहिए। यह 8-10 साल पहले यह हुआ था और अगर ग्रामीणों ने स्वेच्छा से उस समय सहमति दी थी, तो वे नई ग्राम सभा आयोजित होने पर भी ऐसा ही करेंगे।

हिंसा का रास्ता छोड़ मुख्यधारा में लौटे 4 नक्सली, दंतेवाड़ा में सीआरपीएफ डीआईजी व एसपी के सामने किया सरेंडर

श्रीकंचनपथ न्यूज

बस्तर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे लोन वर्राटू (घर वापस आइये) अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। शनिवार को 4 मिलिशिया सदस्यों ने हिंसा का रास्त छोड़ सरेंडर कर दिया। सीआरपीएफ के डीआईजी विनय कुमार सिंह व दंतेवाड़ा एसपी के समक्ष नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। सभी नक्सली लंबे समय से माओवादी संगठन से जुड़कर काम कर रहे थे और फोर्स को नुकसान पहुंचाने सहित कई घटनाओं में शामिल रहे हैं। वहीं नक्सलियों के समर्पण से संगठन को फिर बड़ा झटका लगा है।

दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि मलांगीर एरिया कमेटी के सुदरू मड़कामी (32 वर्ष), देवा मरकाम (30 वर्ष), सन्ना लेकामी (46 वर्ष) व सुक्का माड़वी (28 वर्ष) ने समर्पण किया है। सभी सरेंडर करने वाले नक्सली मिलिशिया सदस्य हैं और फूलपाड़ पंचायत, थाना- कुआकोंडा क्षेत्र के निवासी हैं। सरेंडर करने वाले माओवादियों ने संगठन की खोखली विचारधारा से त्रस्त होना बताया है। सभी नक्सली 7 से 8 वर्षों से संगठन से जुड़े थे और हत्या, आगजनी, रोड काटना, सरकारी संपत्ति को नुकसान, लूट सहित फोर्स को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं में शामिल रहे हैं।

अब तक 535 नक्सलियों का समर्पण

एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 128 इनामी नक्सली सहित कुल 535 माओवादी समर्पण कर मुख्य धारा में लौट चुके हैं। आत्म समर्पित नक्सली को शासन की पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा। एसपी ने कहा कि पुलिस द्वारा लोन वर्राटू अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत नक्सलियों ने समर्पण किया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने संगठन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

आईपीएल में फिर कोरोना का साया: दिल्ली की टीम में दूसरी बार आया मामला, चेन्नई के खिलाफ मैच पर संशय

मुंबई (एजेंसी)। आईपीएल 2022 में दूसरी बार कोरोना के मामले सामने आए हैं। इस बार भी दिल्ली के एक खिलाड़ी की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके बाद दिल्ली और चेन्नई के बीच होने वाले मैच पर संशय बना हुआ है। इससे पहले भी दिल्ली कैपिटल्स के खेमे में कोरोना के कई मामले सामने आए थे, लेकिन इससे टूर्नामेंट में ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा था। दिल्ली के कैंप में कोरोना का मामला सामने आने के बाद पूरी टीम को आइसोलेट कर दिया गया है। हालांकि, दिल्ली के लिए राहत की बात यह है कि जिस खिलाड़ी की कोरोना रिपोर्ट पजिटिव आई है, वह नेट गेंदबाज है और मुख्य टीम का हिस्सा नहीं है।

दिल्ली की टीम को आज शाम 7:30 बजे से चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अपना 11वां मैच खेलना है, लेकिन पूरी टीम के आइसोलेशन में होने की वजह से मैच को लेकर संशय बना हुआ है। रविवार की सुबह सभी खिलड़ियों का टेस्ट किया गया है और उन्हें अपने कमरे के अंदर रहने के लिए ही कहा गया है। इस जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही दिल्ली और चेन्नई के बीच होने वाले मैच को लेकर कोई निर्णय लिया जाएगा।

तय समय पर हो सकता है मैच

दिल्ली और चेन्नई के मैच को लेकर बीसीसीआई की तरफसे कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में दिल्ली के अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि यह मैच तय समय और स्थान पर हो सकता है। नेट गेंदबाज के संक्रमित होने से टीम में भी कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है।

दूसरी बार आइसोलेट हुई है दिल्ली की टीम

आईपीएल 2022 के दौरान यह दूसरी बार है जब दिल्ली की टीम आइसोलेट हुई है। इससे पहले टीम के फिजियो पैट्रिक फरहार्ट, ऑलराउंडर मिशेल मार्श, कीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट और तीन सपोर्ट स्टाफसहित टीम के छह सदस्य कोरोना संक्रमित पाए गए थे। इस वजह से पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच होने वाले मैच में भी बदलाव हुआ था। पहले यह मैच पुणे में खेला जाना था, लेकिन बाद में इसे मुंबई में कराया गया था।

संपादकीय

ईजी मनी के दिन गए

अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने का मतलब है कि विदेशी और यहां तक कि अनेक देशी निवेशक भी डॉलर मे निवेश करना चाहेंगे। इसके लिए वे भारत जैसे देशों से पैसा निकालेंगे। उसका परिणाम शेयर बाजारों में गिरावट के रूप में सामने आएगा।

सबको यह मालूम था कि बुधवार को अमेरिकी सेंट्रल बैंक-फेडरल रिजर्व ब्याज दर में बढ़ोतरी करेगा। इस संभावना से दुनिया भर के बाजारों में पहले से उथल-पुथल मची थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने इसके मद्देनजर अचानक पहल की। फेडरल रिजर्व के एलान से कई घंटे पहले आरबीआई ने रेपो रेट में 40 आधार अंकों को बढ़ोतरी कर दी। साथ ही बैंकों के कैश रिजर्व रेशियो में 50 आधार अंकों की वृद्धि की गई। उधर फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर में आधा प्रतिशत का इजाफा किया है। दो दशक में यह सबसे बड़ी ऐसी बढ़ोतरी है। ऐसे कदमों के पीछे मकसद हमेशा ही बाजार में मुद्रा की सप्लाई को नियंत्रित करना होता है। आम समझ है कि ऐसा होने पर मुद्रास्फीति दर नियंत्रित होती है। बेशक, इस समय दुनिया ऊंची महंगाई दर से परेशान है। यह सरकारों और लोकतांत्रिक देशों में सत्ताधारी दलों के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे कुछ करते दिखना सरकारों की मजबूरी बन गई है। नतीजा यह है कि ईजी मनी की जो नीति 2008-09 से चलाई जा रही थी, उसे पलटा जा रहा है। इस नीति के तहत सेंट्रल बैंक निम्न ब्याज दर पर कर्ज मुहैया करा रहे थे। यह नीति कोरोना काल में अपनी पराकाष्ठा पर पहुंच गई। इससे विभिन्न देशों में असल अर्थव्यवस्था कितनी संभली, यह तो विवाद का विषय है।

> अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने का मतलब है कि विदेशी और यहां तक कि अनेक देशी निवेशक भी डॉलर मे निवेश करना चाहेंगे। इसके लिए वे भारत जैसे देशों से पैसा निकालेंगे। उसका परिणाम शेयर बाजारों में गिरावट के रूप में सामने आएगा। उस वजह से कंपनियों के बाजार मूल्य गिरेंगे। जिन लोगों ने म्युचुअल फंड में पैसा लगा रखा है, उन्हें भी नुकसान होगा। तो अब तक बदहाल वास्तविक अर्थव्यवस्था से जुड़ी आबादी बदहाल थी। अब शेयर सूचकांकों से चमक रहे तबकों पर भी ग्रहण लगेगा।

लेकिन इससे शेयर बाजारों में चमक जरूर देखने को मिली। भारत में इसकी वजह से स्टार्ट अप्स का दौर आया, जिनमें कई ने यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर के बाजार मूल्य) का दर्जा प्राप्त कर लिया। अब सबसे ज्यादा चुनौती अर्थव्यवस्था के इसी हिस्से के लिए पैदा होगी। अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने का मतलब है कि विदेशी और यहां तक कि अनेक देशी निवेशक भी डॉलर मे निवेश करना चाहेंगे। इसके लिए वे भारत जैसे देशों से पैसा निकालेंगे। उसका परिणाम शेयर बाजारों में गिरावट के रूप में सामने आएगा। उस वजह से कंपनियों के बाजार मूल्य गिरेंगे। जिन लोगों ने म्युचुअल फंड में पैसा लगा रखा है, उन्हें भी नुकसान होगा। तो अब तक बदहाल वास्तविक अर्थव्यवस्था से जुड़ी आबादी बदहाल थी। अब शेयर सूचकांकों से चमक रहे तबकों पर भी ग्रहण लगेगा।

न्यूजीलैंड एक नमूना है

न्यूजीलैंड के इर्द गिर्द समुद्र का स्तर पूर्वानुमान से दोगुनी रफ्तार से बढ़ रहा है। इस वजह से देश के दो सबसे बड़े शहरों पर खतरा दशकों आगे खिसक आया है। कुछ इलाके अभी से हर साल तीन से चार मिलीमीटर तक डूबना शुरू भी हो गए हैं।

एक नए शोध में से जो सामने आया है, उस पर सारी दुनिया को गौर करना चाहिए। ये शोध न्यूजीलैंड के बारे में है, लेकिन जो खतरा सामने आया है, यह सिर्फ उसके लिए नहीं है। शोध से पता है कि न्यूजीलैंड के इर्द गिर्द समुद्र का स्तर पूर्वानुमान से दोगुनी रफ्तार से बढ़ रहा है। इस वजह से देश के दो सबसे बड़े शहरों पर खतरा दशकों आगे खिसक आया है। पता चला है कि कुछ इलाके अभी से हर साल तीन से चार मिलीमीटर तक डूबना शुरू भी हो गए हैं। इससे भविष्य में आने वाले खतरे की गति और तेज हो गई है। जाहिर है, ये खतरा समुद्र तटों पर मौजूद बहुत से शहरों के लिए है। द्वीप देशों के लिए तो जाहिर है, खतरा ज्यादा है। गौरतलब है कि ताजा जानकारी जिस कार्यक्रम से मिली है, उसका नाम है 'एनजेड सी-राइज' है। इसके तहत दर्जनों स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों ने मिल कर काम किया। इस पूर्वानुमान का मतलब यह बताया गया है कि तटीय समुदायों के पुनर्वास जैसी जलवायु परिवर्तन संबंधी समस्याओं पर काम शुरू करने के लिए काफी कम समय बचा है।

मसलन, 17 लाख आबादी वाला ऑकलैंड न्यूजीलैंड का दूसरे सबसे बड़ा शहर है और इस पर विशेष खतरा है। अनुमान है कि शहर के डाउनटाउन वॉटरफ्रंट और केंद्रीय इलाकों में समुद्र का स्तर 50 प्रतिशत और ज्यादा तेजी से बढ़ेगा और इसका व्यापक असर मकानों के दाम और बीमा दरों पर पड़ेगा।

> यह कैसा जनतंत्र है, जहां राजद्रोह तक की धाराएं मन मुताबिक तरीके से लगा दी जाती हैं? क्या सत्ता-नायकों की आलोचना या उन्हें पसंद न आने वाली हरकत राजद्रोह या अन्य गंभीर अपराधों की श्रेणी में आती है? अफसोस इस बात का है कि इस प्रवृत्ति पर विराम लगाने की जिम्मेदारी उन सत्ता-नायकों पर है, जो खुद इसके प्रसार के कुसूरवार हैं।

जनतंत्र को राजतंत्र का रोग

शशि शेखर

गए शुक्रवार की सुबह उभरी सुर्खियों पर एक बार फिर नजर डाल देखें। दिल्ली में भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव तेजिंदर पाल सिंह बग्गा को पंजाब पुलिस 'आईटी ऐक्ट' के तहत गिरफ्तार कर मोहाली की ओर रवाना हो गई। कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ता अर्जुन चौरसिया का शव पेड़ से लटका मिला। गृह मंत्री अमित शाह उस वक्त कोलकाता में मौजूद थे। झारखंड की एक वरिष्ठ आईएएस और तमाम लोगों के विभिन्न स्थानों पर स्थित ठिकानों पर ईडी ने छापा डाल दिया।

यह तो बस शुरुआत थी। दिन के चढ़ाव के साथ तपिश बढ़ती गई। बग्गा को गिरफ्तार करने वाले दस्ते को कुरुक्षेत्र में हरियाणा के वर्दीधारियों ने रोक लिया। उधर, दिल्ली में तेजिंदर के पिता की शिकायत पर पंजाब पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज हो गया और दिल्ली पुलिस का दस्ता कुरुक्षेत्र जा पहुंचा। पुलिस बनाम पुलिस का यह संग्राम अभूतपूर्व है।

बाद में पंजाब के जवानों को बग्गा को दिल्ली पुलिस के हवाले करना पड़ा। वजह? वे एक तकनीकी भूल कर बैठे थे। दिल्ली उच्च न्यायालय का आदेश है कि अन्य राज्य की पुलिस बिना स्थानीय पुलिस को सूचना दिए कार्रवाई नहीं कर

सकती। हालांकि, बग्गा के सिर पर अभी भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। पंजाब पुलिस निकट भविष्य में सारी तकनीकी औपचारिकताएं पूरी कर तेजिंदर को गिरफ्तार करने की कोशिश कर सकती है। यहां यह भी सवाल उठता है कि क्या पंजाब के पुलिस दस्ते पर कार्रवाई की जाएगी? उनकी कार्रवाई आपराधिक कृत्य है या तकनीकी चूक के चलते अनुशासनिक मामला?

'आप' प्रवक्ता आतिशी ने दावा किया है कि पंजाब पुलिस ने दिल्ली पुलिस को गिरफ्तारी की पूर्व जानकारी दी थी। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने इसके जवाब में कहा कि पंजाब पुलिस ने पहले बग्गा को उठाया और फिर उनके तीन जवान थाने में सूचना देने पहुंचे। इसी बीच भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव के पिता ने अपहरण सहित तमाम आरोपों की लिखित सूचना हमें दी। इसके आधार पर हमने प्राथमिकी दर्ज कर हरियाणा पुलिस को सूचना भेजी। पंजाब पुलिस ने इसके खिलाफशुक्रवार की दोपहरी में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में गुहार लगाई। उच्च न्यायालय ने हरियाणा पुलिस को 24 घंटे में अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक अगली अदालती कार्यवाही का ब्योरा नहीं मिल सका है, पर इतना तय है- बात निकली है, तो दूर तलक जाएगी।

उधर, कोलकाता में गृह मंत्री अमित शाह ने दोपहर ढले मृत कार्यकर्ता अर्जुन के आवास का दौरा करने के बाद घोषणा की कि दोषियों को कड़े से कड़ा दंड दिलाया जाएगा। इससे पहले भी शाह भाजपा के पीड़ित कार्यकर्ताओं के घर जा चुके हैं। जाहिर है, वह किसी भी हालत में भगवा दल का मनोबल नहीं टूटने देना चाहते। पश्चिम

बंगाल की स्थिति वाकई चिंताजनक है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के बाद से अब तक 'सियासी रंजिश' में लगभग 60 लोगों के मारे जाने का आरोप है। ध्यान रहे, यह दावा बंगाल के वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप घोष का है। कोलकाता की हुकूमत ने इस पर कोई आधिकारिक डाटा सार्वजनिक नहीं किया है। तृणमूल इससे पल्ला झाड़ती है, पर इसमें कोई दो राय नहीं कि विधि-व्यवस्था का अनुपालन प्रदेश सरकार के कंधों पर होता है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा-प्रतिहिंसा का पुराना इतिहास है।

दिन के साथ चढ़ती यह गरमी कुरुक्षेत्र और कोलकाता तक ही नहीं सिमटी रही। झारखंड सरकार की खनन सचिव पूजा सिंघल, उनके पति और चार्टर्ड अकाउंटेंट के ठिकानों से शाम ढलने तक करोड़ों रुपये बरामद किए जा चुके थे। यह रकम इतनी अधिक थी कि गिनती के लिए सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया के अधिकारियों को बुलाना पड़ा।

इस कार्रवाई पर भाजपा का कहना है कि पूजा सिंघल मुख्यमंत्री की करीबी हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जवाब में कहा कि यह गीदड़ भभकी है, हम अपवाद नहीं हैं। भाजपा राजनीतिक 'बैटल ग्राउंड' में जब नहीं जीत पाती है, तब अपनी मशीनरी का 'सदुपयोग' करके उसे लगता कि पार पा लेगी। लेकिन, ऐसा है नहीं और न ही होगा।

सवाल उठता है कि हमारे नेताओं ने कानून का अनुपालन करने वाली एजेंसियों को किस हाल में पहुंचा दिया है? उनकी विश्वसनीयता इतनी गिर क्यों गई है? इन एजेंसियों से जुड़े हुए जवान और अधिकारी अपने आकाओं के इशारे पर अराजक तत्वों जैसी हरकतें क्यों करते हैं? दुर्भाग्यवश इस दुष्प्रवृत्ति को हवा देने में सभी दलों की समान भागीदारी है।

आप चाहें, तो याद कर सकते हैं कि महाराष्ट्र और बंगाल में छापे पड़े, तो स्थानीय पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां आमने-सामने आ खड़ी हुईं। हालात इतने बिगड़े कि जांचकर्ताओं की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल लगाने पड़े। बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता के पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार और सीबीआई का टकराव इतना बढ़ा कि उसने अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में स्थान पा लिया। उनके पक्ष में ममता बनर्जी धरने पर जा बैठी थीं। ऐसा पहली बार हो रहा था, जब एक निर्वाचित मुख्यमंत्री अपने एक अधिकारी के लिए सड़क पर आ डटी थीं। हालांकि, राजीव कुमार का संकट खत्म नहीं हुआ। उन्हें बाद में सीबीआई के समक्ष असहज हालत में पेश होना पड़ा। इसी दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की कार पर भी हमला हुआ था। केंद्र सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए वहां पदस्थापित तीन आईपीएस अधिकारियों को वापस बुला लिया था।

जिस तरह तेजिंदर पाल सिंह बग्गा की गिरफ्तारी हुई, उसने इन पुराने जख्मों को हरा कर दिया है। अभी महाराष्ट्र में रवि और नवनीत राणा दंपति का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि यह कांड हो गया। एक राज्य की पुलिस दूसरे राज्य की पुलिस के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज करे, एक प्रदेश की पुलिस दूसरे प्रदेश की पुलिस की राह रोके, यह कैसा लोकतंत्र है? भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने ईंट का जवाब पत्थर से देने का दावा किया है। 'आप' भी बराबरी से हमलावर है। हमें राजनीति के कुछ और कालौंच भरे प्रहसनों के लिए खुद को तैयार कर लेना चाहिए।

वक्त आ गया है, जब इस देश के मतदाताओं को खुद से सवाल करना चाहिए कि हमने जनसेवकों को चुना है या राजाओं को? यह कैसा जनतंत्र है, जहां राजद्रोह तक की धाराएं मन मुताबिक तरीके से लगा दी जाती हैं? क्या सत्ता-नायकों की आलोचना या उन्हें पसंद न आने वाली हरकत राजद्रोह या अन्य गंभीर अपराधों की श्रेणी में आती है? अफसोस इस बात का है कि इस प्रवृत्ति पर विराम लगाने की जिम्मेदारी उन सत्ता-नायकों पर है, जो खुद इसके प्रसार के कुसूरवार हैं।

एक सितारा अभी उगा है फुटबॉल क आकाश में

टी के जेसिन, फुटबॉलर

क्या सुयोग है! देश अपनी आजादी की 75वीं सालगिरह मनाने जा रहा है, दूसरी तरफ 75वीं संतोष ट्रॉफी प्रतियोगिता ने फुटबॉल के दीवानों को एक ऐसा नाम दिया है, जो यदि अपनी चमक बरकरार रख पाया, तो यकीनन वह देश की प्रतिष्ठा बढ़ाएगा। मोहम्मद सलीम, बाइचुंग भूटिया, सुनील छेत्री, गुरप्रीत संधू और सुब्रत पाल ने फुटबॉल में भारत की संभावनाओं की जो ज्योति जलाई है, केरल के 22 वर्षीय टी के जेसिन की खेल प्रतिभा उसे और मजबूत बनाती है। देश के फुटबॉल विशेषज्ञ उनकी आमद को एक सितारे का जन्म बता रहे हैं, अब उन्होंने कमाल ही ऐसा किया है।

केरल के मलप्पुरम में बीते 28 अप्रैल को मेजबान सूबे और कर्नाटक के बीच संतोष ट्रॉफी का सेमीफाइनल खेला जा रहा था। मंजेरी स्टेडियम फुटबॉलप्रेमियों से खचाखच भरा हुआ था। लगभग 30 मिनट का खेल हो चुका था। कर्नाटक की टीम केरल पर एक गोल की बढ़त बना चुकी थी। स्टेडियम का शोर ऊंचा होता जा रहा था। केरल टीम के कोच बिनो जॉर्ज ने इस नाजुक मोड़ पर उस खिलाड़ी को मैदान में उतारा, जो कभी जिला स्तरीय टीम का भी सदस्य नहीं रहा, यानी टी के जेसिन। यह एक पारखी द्रोणाचार्य का आत्म-विश्वास था, जो अपने अर्जुन के कौशल को बखूबी जानता था।

शिष्य ने गुरु को निराश नहीं किया। अगले पंद्रह मिनट में ही जेसिन ने मैच का रुख बदल दिया। उनके तीन गोलों से मेहमान टीम का शीराजा बिखर चुका था। इस मैच में पांच गोल दागकर उन्होंने अपनी टीम को ही अजेय बढ़त नहीं दिलाई, बल्कि सबको चौंका दिया। संतोष ट्रॉफी के इतिहास में उनके पांच गोल एक कीर्तिमान हैं। किसी स्थानापन्न खिलाड़ी ने अब तक यह कारनामा नहीं अंजाम दिया था।

मलप्पुरम जिले में छोटा-सा शहर है निलंबूर। यहीं पर 19 फरवरी, 2000 को मोहम्मद निसार और सुनयना के घर जेसिन पैदा हुए। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। पिता निसार को परिवार की बुनियादी जरूरतें पूरी करने के लिए ही काफी मशक्कत करनी पड़ती, लेकिन एक चाहत हमेशा उनके दिल में ठांठे मारती, 'काश! मैं अपने बेटे को फुटबॉलर बना पाता।' दरअसल, निसार खुद फुटबॉलर बनना चाहते थे, मगर कुछ तो हालात ने साथ नहीं दिया और कोई राह दिखाने वाला भी नहीं मिला। लेकिन जेसिन के पास पिता थे।

जेसिन भी बचपन से खेल-कूद में काफी अच्छे थे, इसलिए शुरू में ही निसार ने बेटे को

यह घुट्टी पिला दी कि वह उनकी वाली गलती नहीं दोहराएंगे और किसी एक खेल पर ही फोकस करेंगे। जेसिन की दादी ने अपने बेटे को फुटबॉलर न बन पाने की कसक के साथ जीते हुए देखा था, इसलिए उन्होंने भी पोते को प्रेरित करना शुरू कर दिया। निसार ऑटो रिक्शा चलाते हैं। जब उनके बच्चे बड़े होने लगे, तो उनकी जरूरतें भी बढ़ने लगीं, लेकिन पूरी मशक्कत के बाद भी ऑटो की कमाई कम पड़ ही जाती थी। मजबूरन उन्हें खाड़ी के देश जाना पड़ा, ताकि वह बच्चों की अच्छी परवरिश लायक कमा सकें।

निसार के विदेश जाने के बाद उनकी मां अमीना ने जेसिन का खूब ख्याल रखा, जैसे उन्होंने अपने बेटे के सपने को दिल से लगा लिया था। वह बिना नागा पोते को निलंबूर फुटबॉल एकेडमी ले जाया करतीं। लेकिन जब जेसिन आठवीं कक्षा में थे, तभी दादी ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। जेसिन को दादी की मौत का गहरा सदमा लगा था, मगर फुटबॉल ने उन्हें बिखरने नहीं दिया। केरल में खेल का बुनियादी ढांचा अच्छा है, स्कूल स्तर से ही इसे काफी गंभीरता से लिया जाता रहा है और इसका फायदा जेसिन को भी मिला।

लेकिन जब वह 10वीं की परीक्षा पास नहीं कर पाए, तो उन्हें किसी अच्छे स्कूल में दाखिला भला कैसे मिलता? लगभग दो वर्ष तक उन्हें खेलों से दूर-दूर ही रहना पड़ा। उस वक्त जेसिन को लगा था कि अब उनका फुटबॉलर भी खत्म हो गया, क्योंकि निजी स्कूल में दाखिले के बाद उन्हें अपना पूरा ध्यान पढ़ाई को देना पड़ा। जब वह 18 साल के हुए, तब फुटबॉल के लिहाज से केरल का सबसे बेहतर संस्थान माने जाने वाले एमईएस कॉलेज के कोचों की नजर उन पर पड़ी, लेकिन किस्मत ने उनकी एक और कठिन परीक्षा ले ली। इस कॉलेज में दाखिले के लिए जरूरी 12वीं की परीक्षा भी वह नहीं निकाल सके। एक विषय में अनुत्तीर्ण रह गए थे। और जब पास हुए, तब तक इस कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया बंद हो चुकी थी।

लेकिन उनकी प्रतिभा से प्रभावित एमईएस कॉलेज के खेल शिक्षकों ने कुछ ही महीने बाद जेसिन को कॉलेज में दाखिला दिला दिया। यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में फुटबॉल खेल रहे इस दुबले-पतले फुटबॉलर पर 'केरल यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के कोचों की नजर पड़ी और वे जेसिन को मुख्य कोच बिनो जॉर्ज के पास ले गए। बिनो सर की परीक्षा में पास होने के बाद जेसिन क्लब की टीम से जुड़ गए। उन्हें अब एक सही मंच मिल चुका था, जहां उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा को खूब निखारा। 28 अप्रैल का लाजवाब प्रदर्शन इसका प्रमाण है। इस प्रदर्शन ने जेसिन को केरल के घर-घर में ही नहीं, हिन्दुस्तान के हर फुटबॉलप्रेमी के दिल में बिठा दिया है। जेसिन के पिता को मलाल नहीं है कि बेटे के इस कमाल को वह देख नहीं सके, क्योंकि अपने काम को पूरा करने में ही उनका वक्त निकल गया और वह स्टेडियम नहीं पहुंच पाए। बेटे ने उन्हें सुर्खरू तो कर ही दिया है। वह निहाल हैं।

ज्यादा दिन नहीं हुए, जब इस फुटबॉलर को महज 7,000 रुपये मासिक पारिश्रमिक मिला करता था, कोच बिनो जॉर्ज ने उन्हें एक बेशकीमती हीरा बना दिया। बकौल बिनो, एटीके मोहन बागान जेसिन के लिए आज 22 लाख रुपये केरल यूनाइटेड को देने को तैयार है।

प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह

मां से प्यार का सच्चा इजहार

एना मारिया जार्विस, प्रसिद्ध समाजसेवी

तमाम रिश्तों के विकल्प कमोबेश मिल जाते हैं, लेकिन मां तो एक ही है। अपनी कोख, गोद, आंचल, उंगलियों और प्यारी आवाज के साथ मां हमारे लिए मानो ईश्वर का साकार रूप हैं। कितना रोते हैं बच्चे, पैर फेंकते हैं, नोचते हैं, गंदगी से छिलबिल कर देते हैं, लेकिन मां तब भी पुचकारती हुई गले लगा लेती है। उस सुंदर बिटिया की मां भी ऐसी ही थीं। मां को देख-देख मन मोहित रहता था। पर उस मां की कथा व्यथा से भरी थी, ग्यारह बच्चे हुए थे, जिनमें से चार ही रहे, सात शैशवकाल में छोड़ गए। अक्सर मां को लगता होगा, सब बच्चे साथ होते, तो दुनिया कितनी खुशनुमा होती। अभी तो घर और जिंदगी के जिस छोर पर देखो, कोई न कोई दाग या दुख उमड़ आता है। दिल भरते ही आंखें बह चलती हैं। बहुत छिपाने पर भी उस मां के आंसू अपनी बिटिया से नहीं छिपते थे। संवेदना और प्यार से सराबोर बिटिया तड़प उठती थी कि मां के लिए क्या किया जाए? मां कैसे अपने गम भुला दे? मां बीमार भी रहती थीं। क्यों न पड़ें, अमीर परिवार था, खाने-पीने-रहने में कोई कमी नहीं थी, लेकिन समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता कहीं परिदृश्य में नहीं थी। बीमारियों का प्रकोप रह-रहकर कहर ढाता था। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान खुद शैशवकाल में था, तो अनगिनत बच्चे तो छोटी-छोटी तकलीफें या बीमारियों में ही दम तोड़ देते थे।

कई बार लगता कि बच्चे अगर स्वस्थ्य रहते, जीते रहते, तो शायद ज्यादा बच्चे पैदा करने की जरूरत ही नहीं पड़ती। वह अमीर अमेरिकी परिवार धार्मिक प्रवृत्ति का था, तो मां भी नियमित रूप से पारंपरिक प्रार्थना करती थीं और उसके बाद अक्सर अपनी ओर से भी उसमें कुछ जोड़ देती थीं। शायद ऐसा होता होगा कि पारंपरिक प्रार्थना में पूरा दर्द न आ पाता हो, अपने दिल की बात कहने के लिए अलग से शब्दों की जरूरत पड़ती हो। ठीक इसी तरह उस दिन भी मां ने अपनी ओर से प्रार्थना में जोड़ा था, मैं आशा और प्रार्थना करती हूं कि कोई किसी दिन मां के बारे में सोचेगा, अपनी मां के लिए खास दिन मनाएगा, जीवन के हर क्षेत्र में मानवता के लिए मां द्वारा की जाने वाली अतुलनीय सेवाओं को याद किया जाएगा, जिसकी वह हकदार है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM

खास खबर

छत्तीसगढ़ में कैडवर अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण के लिए संस्थाओं के पंजीयन की तैयारी

रायपुर। तीसगढ़ में कैडवर अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण के लिए संस्थाओं के पंजीयन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए मानव अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण के समुचित प्राधिकारी सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने संचालक चिकित्सा शिक्षा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के निदेशक, दाऊ कल्याण सिंह सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल रायपुर के संचालक और राज्य कार्यक्रम अधिकारी (नर्सिंग होम एक्ट) को पत्र लिखकर विशेषज्ञ स्तर पर उप समिति के गठन हेतु प्रतिनिधि नामांकित करने और संस्थाओं को पंजीकृत कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा है। पत्र में संस्थाओं से नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, गैस्ट्रो-सर्जरी (एमसीएच), सीटीवीएस सर्जरी, कार्ड एवं पल्मोनरी मेडिसीन विभाग के विशेषज्ञ स्तर पर एक उप समिति गठित किये जाने हेतु प्रतिनिधि नामांकित करने कहा गया है। यह समिति राज्य अंग और उत्तक प्रत्यारोपण संगठन के संचालक को अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण के आवेदनों की अनुशंसा कर सकेगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में मानव अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 और 2014 संशोधित अधिनियम लागू है। इस अधिनियम के अंतर्गत ही कैडवर अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण किए जा सकते हैं। राज्य अंग और उत्तक प्रत्यारोपण संगठन एवं मानव अंग उत्तक प्रत्यारोपण की गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए राज्य पर्यवेक्षक समिति का भी गठन किया गया है। डॉ. कमलेश जैन को इसका राज्य नोडल अधिकारी बनाया गया है। यह समिति समुचित प्राधिकारी के मार्गदर्शन में मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण के लिए कार्य करेगी। राज्य अंग और उत्तक प्रत्यारोपण संगठन के अनुसार कैडवर प्रत्यारोपण हेतु संस्था को पंजीकृत कराया जाना आवश्यक है। प्रत्यारोपण के लिए दो तरह की संस्थायें सहयोगी होती है।

भेंट-मुलाकात अभियान: बिहारपुर में ग्रामीणों के आग्रह पर लगी सौगातों की झड़ी

मुख्यमंत्री ने बहन, बेटियों और ग्रामीणों की मन मांगी मुराद की पूरी, जीता ग्रामीणों का दिल

24 गांवों के क्लस्टर में नल जल योजना के लिए 24 करोड़ रूपए की दी मंजूरी

बिहारपुर में विद्युत सब-स्टेशन की स्थापना के लिए बिजली विभाग करेगा परीक्षण

बिहारपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलेगा

बिहारपुर में अगले वर्ष से स्टेट बैंक ऑफइंडिया की शाखा और एटीएम की सुविधा होगी प्रारंभ

छात्राओं की मांग पर कन्या छात्रावास की मंजूरी

खारपाथर हाईस्कूल का होगा हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन

संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े की मांग पर बिहारपुर में आईटीआई की स्थापना की स्वीकृति

अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात अभियान के चौथे दिन भटगांव विधानसभा क्षेत्र के बिहारपुर में ग्रामीणों की मांग पर सौगातों की झड़ी लगा दी। उन्होंने ग्रामीणों, छात्राओं, बहनों और संसदीय सचिव के आग्रह पर अनेक घोषणाएं कर सौगातों की झड़ी लगा दी और उनका दिल जीत लिया। मुख्यमंत्री ने बिहारपुर में बहनों और बेटियों के आग्रह पर पेयजल की समस्या के समाधान के लिए 24 गांवों के क्लस्टर के लिए 24 करोड़ रूपए की राशि से नल जल योजना की घोषणा की। इसी तरह उन्होंने क्षेत्र में बिजली की समस्या दूर करने के लिए सब स्टेशन की स्थापना हेतु बिजली विभाग से परीक्षण कराने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े की मांग पर बिहारपुर में आईटीआई की स्थापना की मंजूरी दी।

मुख्यमंत्री ने बिहारपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ करने, रक्सगंडा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, ग्रामीणों के आग्रह पर बिहारपुर मुख्य सड़क मार्ग के निर्माण, गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल की छात्राओं की मांग पर कन्या छात्रावास, ग्रामीणों के आग्रह पर खारपाथर हाईस्कूल के हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन, अगले वर्ष से बिहारपुर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा और एटीएम की सुविधा प्रारंभ करने और अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए ट्रांजिट होस्टल निर्माण की घोषणा की। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री की हर घोषणा का ताली

बजाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया और संसदीय सचिव श्री पारस नाथ राजवाड़े भी उपस्थित थे।

बिहारपुर भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में जय महामाया महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने मुख्यमंत्री को तेंदू, जीरफूल चावल, सावा चावल और अरहर दाल की टोकनी भेंट की। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि वे बिहारपुर से कई स्मृतियां लेकर जा रहे हैं, तेंदू, सावा का चावल, जीरफूल चावल और दाल सहित बहुत सी भेंट आपने दीं। श्रीमती चन्द्रकला जायसवाल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में बताया कि समूह को मिले लोन से उन्होंने ट्रैक्टर खरीदा, जिससे वे 20 से 25 हज़ार रुपये की कमाई कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि अब महिलाएं भी अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं, ये बहुत अच्छी बात है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बिहारपुर में प्राकृतिक आपदा से जनक्षति प्रभावित पांच लोगों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की।

बिहारपुर में लगभग 2.15 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का शिलान्यास

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बिहारपुर में लगभग 2.15 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने अवंतिकापुर मुख्य मार्ग से साहू पारा रोड में 38.40 लाख रुपये के पुलिया निर्माण कार्य, 28 लाख रूपए की लागत से नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र मोहली के भवन निर्माण कार्य, जिला सूरजपुर के कैलाश नगर से छतरंग मार्ग में बलम्मा घाट पर 149.34 लाख लागत से पुलिया निर्माण का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने श्री भोपाल सिंह के घर किया दोपहर का भोजन

मुख्यमंत्री ने बिहारपुर में ग्रामीण श्री भोपाल सिंह के घर उनके साथ पालथी मार पंगत में बैठकर भोजन किया। भोजन में पेहटा, तिलौरी, रोटी, चावल, दाल, भिंडी की भुजिया, करेला भुजिया, लकड़ा की चटनी परोसी गई। मुख्यमंत्री ने भोपाल सिंह जी को बताया कि उन्होंने सनावल में भी पेहटा का स्वाद लिया था। उन्होंने श्री भोपाल सिंह को बताया कि लकड़ा को मध्य छत्तीसगढ़ में अमारी कहते हैं। मुख्यमंत्री ने भोजन के दौरान श्री भोपाल सिंह जी से ली उनकी खेती किसानी की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने श्री भोपाल सिंह के आग्रह पर श्री भोपाल सिंह जी के खेत में फलदार वृक्ष लगवाकर वृक्षारोपण योजना का लाभ दिलवाने और खेत मे बोर लगवाने के निर्देश तहसीलदार को दिए। श्री बघेल ने उनके परिवारजनों से की मुलाक़ात कर उनका हाल-चाल जाना। श्रीमती राजकुंवर को साड़ी भेंट की। मुख्यमंत्री ने इस परिवार की बच्ची आरती की मांग पर कहा कि बिहारपुर में स्वामी आत्मानंद स्कूल खोला जाएगा। श्री भोपाल सिंह जी की मांग पर आदिवासी बालिका छात्रावास, स्वामी आत्मानंद स्कूल और मिनी स्टेडियम की स्वीकृति दी। बिहारपुर में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान एक युवक नरेंद्र साहू ने मुख्यमंत्री के सामने शासकीय शिक्षकों द्वारा लापरवाही की शिकायत की। जुड़ा मुद्दा उठाने पर नरेंद्र की सराहना करते हुए कहा कि स्कूलों में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

लटोरी में मुख्यमंत्री की घोषणा

भटगांव उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चौथे दिन सूरजपुर जिले की भटगांव विधानसभा क्षेत्र के लटोरी में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में भटगांव तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा प्रदान करने के साथ ही भैयाथान के ग्राम बतरा में स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रारंभ करने, भैयाथान में आरईएस का अनुविभागीय कार्यालय स्थापित करने, लटोरी के हायर सेकेण्डरी स्कूल में एग्रीकल्चर संकाय प्रारंभ करने और क्षेत्र में विद्युत के लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए 33/11 केवी का विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लटोरी स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर मैंटेन न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कार्य में लापरवाही पाये जाने पर मेडिकल ऑफिसर श्री राकेश कुमार साव को निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को बीएमओ डॉ. प्रशांत सिंह एवं प्रभारी श्री शत्रुहन भगत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के

निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और यहां उपलब्ध दवाईयों और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने लटोरी के जिला सहकारी बैंक पहुंचकर पांच किसानों सर्वश्री अयोध्या जायसवाल, सीताराम कुशवाहा, गुलाम कादीर, घरभरन सिंह और चन्द्रदेव राजवाड़े को 5 लाख 22 हजार रूपए का किसान क्रेटिड कार्ड (केसीसी) ऋण का चेक प्रदाय किया। उन्होंने बैंक का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को यहां कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। ग्रामीणों ने बैंक खोलने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने किसानों के हित में लिए गए निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए उन्हें उबला हुआ शकरकंद, चना, गुड़-मुर्रा, मूंगफली, मुर्रा-लड्डू भेंट किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपके द्वारा दी गई इस भेंट को मैं अपने साथ ले जाऊंगा।

लटोरी की जन चौपाल में सूरजपुर से आई आंचल साहू ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि 'महतारी दुलार योजना' के माध्यम से उनकी पढ़ाई हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने यहां सिलाई का प्रशिक्षण ले रही स्व-सहायता समूह की महिलाओं से बात-चीत की। मुख्यमंत्री का लटोरी पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों ने सूत माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों का अभिवादन स्वीकार किया। स्वागत के लिए आए नन्हें बच्चों से भी मुख्यमंत्री आत्मीयता से मिले। इस अवसर पर जिले के प्रभारी एवं नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने लटोरी में 16.71 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-शिलान्यास

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल सरगुजा संभाग के विधानसभाओं के दौरे में उन्होंने अनेकों विकास कार्यों की सौगात दी है। उन्होंने भटगांव विधानसभा के ग्राम लटोरी में 16 करोड़ 71 लाख 82 हज़ार रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण किया। जिसमें सूरजपुर के भटगांव से खोपा (कसकेला) मार्ग पर रिहंद नदी पर 5 करोड़ 36 लाख की लागत से बने पुल का लोकार्पण के साथ ही 7 करोड़ 95 लाख 1 हज़ार की लागत से सूरजपुर के सिलफिली कॉलेज से हीराडबरी-लटोरी सड़क निर्माण, 37 लाख 28 हजार की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लटोरी में 10 बिस्तरीय आइसोलेशन वार्ड निर्माण, 71 लाख 12 हज़ार की लागत से जिला सूरजपुर के लटोरी में मॉर्डन तहसील कार्यालय भवन निर्माण, 2 करोड़ 32 लाख 41 हजार की लागत से जिला सूरजपुर के सत्य नगर के जाबारपारा में 54 मीटर लंबा पुल का शिलान्यास किया।

भेंट मुलाकात : मुख्यमंत्री का जनता से हो रहा सीधा संवाद, सुलझ रही समस्याएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में लोगों से भेंट-मुलाकात करने बीते 4 मई से दौरे पर निकले हैं। भेंट-मुलाकात में वे प्रत्येक विधानसभा के 3 गांवों का दौरा कर रहे हैं और इन तीनों में से किसी एक गांव में रात्रि विश्राम भी कर रहे हैं। जहां एक ओर वे पीड़ित, बीमार लोगों के प्रति उदारता का भाव रखते हुए उनकी मदद कर रहे हैं तो साथ ही शासकीय कामकाज में लापरवाही, योजनाओं का उचित क्रियान्वयन न कर पाने और जनता के कामों में लेट-लतीफी करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति सख़्त रुख दिखाते हुए उन पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है। इस भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री लोगों से मुलाकात कर रहे हैं, यहां लोगों के बीच जाकर स्वयं अपनी बात रख रहे हैं और उनकी बात सुन रहे हैं। भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान उनकी सरलता और अपनत्व भाव लोगों का दिल जीतने का काम कर रही है।

भेंट-मुलाकात अभियान में मुख्यमंत्री श्री बघेल आमजन के प्रति संवेदनशील भाव रखकर निर्णय ले रहे हैं और अपने उदार व्यवहार से लोगों का दिल जीत रहे हैं। वे जनता बीच बैठकर उनकी समस्याओं को भी सुन रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के तीसरे दिन सूरजपुर जिले के गांव खोरमा के निवासी सोमारू साय मिले, सोमारू द्वारा उन्हें अपनी कैंसर की बीमारी और परिवार की आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी देने पर उन्हें इलाज के लिए मौके पर ही अपने कोष से एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी। इसी तरह रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र के श्रीमती अनति देवी की दृष्टिबाधित दो बेटियों चंदा और रिया के आंख के इलाज छत्तीसगढ़ शासन की कराए जाने ऐलान किया था। अभियान के दौरान उन्होंने रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आरागाही के तम्बेश्वरनगर की रहने वाली श्रीमती रीना विश्वास के बेटे के ब्रेन ट्यूमर के इलाज के लिए मदद करते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल 4 लाख रुपये की राशि स्वेच्छानुदान से स्वीकृत कर दी। मुख्यमंत्री ने शंकरगढ़ जनपद पंचायत के निरीक्षण के दौरान ग्राम दुर्गापुर के श्री दुलारे राम पैकरा को मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्रदान भी किया।

वहीं आज कुदरगढ़ में पति की मृत्यु होने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने की पीड़ा बताने पर दिव्या कुशवाहा को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की स्वीकृति दी। इसके साथ ही छोटे-छोटे बच्चे भी मुख्यमंत्री से मिलने के लिए आतुर हो रहे हैं। सामरी विधानसभा के बरियो में जब बच्चों को प्रदेश के मुख्यमंत्री के आने की जानकारी मिली तो उनके साथ फ़ोटो खिंचाने की चाहत में वे सुबह से ही आंगनबाड़ी केन्द्र में इकट्ठे होकर इंतज़ार करते रहे। यहाँ साक्षी बेग नाम की बच्ची सुबह से ही मुख्यमंत्री संग फ़ोटो खिंचाने के लिए बैठी हुई थी।

RKMG COMMUNITY
E-Commerce platform for Indians

समस्त व्यापारि भाइयों और बहनों के लिए e-commerce प्लेटफॉर्म है RKMG community जो कि आपको आने वाले समय में मजबूत करेगा compete करने के लिए हर आन लाइन प्लेटफार्म से।

- हम आपको digital franchise बनाएँगे, जहाँ कई branded companies के समान को competitive रेट पर अपने ग्राहक को बेच पाएंगे और अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगे।
- यहाँ अपने ग्राहक को पचास से भी अधिक समान बेच पाएंगे, बिना स्टोक रखे ।
- अपने ग्राहक से पैसे अपने अकाउंट में लेंगे और franchise price काट कर बाकी कम्पनी के ऑडर के लिए देंगे।
- RKMG आप लोगो से रूपए 5000+18% GST Franchise agreement fee लेगी।
- अधिक जानकारी के लिए 7828463843 & 9650145151 पर काल करे।

We are about to launch products live of your interest from 7th of May w®ww. From this day onwards You may Log on to www.rkmg.in/community/inde&.html and you will come to a page "welcome to RKMG community. On that page click on Read more. To buy products and services, click on to ecommerce and you will find all products being displayed. Here you are required to place order for the products at competitive prices as per your choices. You may contact at the below given franchisee for further clarification.

Pradeep Kumar Satpaty

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

तकिया 2 पीस 100/-, 150/-
तकिया फाईबर 2 पीस 250/-, 350/-, 500/-
कुशन 5 सैट 500/-, 600/-, 800/-
लोड फाईबर सैट 500/-, 600/-, 700/-
गद्दा कव्हर सिंगल 150/- चालू
गद्दा कव्हर डबल 300/- चालू
वाटर प्रूफ गद्दा कव्हर डबल 999/-

संजय रुई भंडार
पंडरी मेन रोड, रायपुर
7987081626, 7987918262

खास खबर

कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 97.87 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

रायपुर। राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 97.87 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक केन्द्रीय पूल में 40.65 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है, जिसमें भारतीय खाद्य निगम में 21.63 लाख मीट्रिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 19.02 लाख मीट्रिक टन चावल शामिल है। खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही उठाव एवं कस्टम मिलिंग का काम तेजी के साथ शुरू कर दिया गया था। राज्य में अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 97.87 लाख मीट्रिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। वर्मा ने बताया कि 75 लाख 09 हजार मीट्रिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 74 लाख 96 हजार मीट्रिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 22 लाख 90 हजार मीट्रिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध समितियों से 22 लाख 90 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा कराया जाना है। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में पंजीकृत 21 लाख 77 हजार किसानों से समर्थन मूल्य पर लगभग 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी की एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत लगभग 20 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रदेश के 1 लाख 24 हजार अर्थात् 6 प्रतिशत अधिक किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया।

बस्तर फाइटर्स में भर्ती के लिए अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच कल से

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बस्तर फाइटर्स के लिए आरक्षक और छत्तीसगढ़ पुलिस के उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर और सूबेदार के रिक्त पदों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा सत्र के दौरान बस्तर अंचल के युवाओं को सेवा में अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बस्तर फाइटर्स की भर्ती की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराए जाने का ऐलान किया था। इसी तारतम्य में बस्तर फाइटर्स में आरक्षक पद और छत्तीसगढ़ पुलिस के उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर एवं सूबेदार के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर फाइटर्स के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच 09 मई से बस्तर संभाग के सभी सातों जिला मुख्यालयों में होगी। इसके लिए अभ्यर्थियों को रोलनंबरवार तिथियां निर्धारित कर सूचित कर दिया गया है। इसी प्रकार सूबेदार, उप-निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर के पद पर भर्ती के लिए अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र 14 मई से छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाइट cgpolice.gov.in से डाउनलोड कर सकेंगे।

छत्तीसगढ़ में कैडवर अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण के लिए संस्थाओं के पंजीयन की तैयारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कैडवर अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण के लिए संस्थाओं के पंजीयन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए मानव अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण के समुचित प्राधिकारी सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने संचालक चिकित्सा शिक्षा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के निदेशक, दाऊ कल्याण सिंह सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल रायपुर के संचालक और राज्य कार्यक्रम अधिकारी (नर्सिंग होम एक्ट) को पत्र लिखकर विशेषज्ञ स्तर पर उप समिति के गठन हेतु प्रतिनिधि नामांकित करने और संस्थाओं को पंजीकृत कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा है। पत्र में संस्थाओं से नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, गैस्ट्रो-सर्जरी (एमसीएच), सीटीवीएस सर्जरी, कार्ड एवं पल्मोनरी मेडिसीन विभाग के विशेषज्ञ स्तर पर एक उप समिति गठित किये जाने हेतु प्रतिनिधि नामांकित करने कहा गया है। यह समिति राज्य अंग और उत्तक प्रत्यारोपण संगठन के संचालक को अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण के आवेदनों की अनुशंसा कर सकेगी।

भेंट-मुलाकात अभियान

कुदरगढ़ में शीघ्र बनेगा रोप-वे: भूपेश बघेल

कुदरगढ़ में विश्रामगृह, उप स्वास्थ्य केन्द्र और पुलिस चौकी भवन निर्माण की घोषणा

बिहारपुर रोड की होगी गुणवत्ता की जांच, जून तक पूर्ण होगी सड़क

मुख्यमंत्री बघेल ने कुदरगढ़ में पहाड़ियों के मध्य महुआ पेड़ के नीचे

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुदरगढ़ में 'भेंट-मुलाकात' अभियान के तहत ग्रामीणों से सीधे चर्चा के दौरान उनके आग्रह पर क्षेत्र में विकास कार्यो और जनसुविधाओं से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि कुदरगढ़ में माँ बागेश्वरी देवी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये शीघ्र रोप वे का निर्माण किया जाएगा। यह कार्य बजट में शामिल है। जल्द ही इसके लिए टेण्डर होगा। मुख्यमंत्री ने कुदरगढ़ में विश्राम गृह निर्माण, उप स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना, पुलिस चौकी के भवन निर्माण, रक्सगंडा को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने, बिहारपुर मार्ग के चौड़ीकरण, रगदा (कुसमुसी) गोबरी नाला में पुल निर्माण, ओडगी-बिहारपुर मार्ग के घटिया निर्माण की जांच कराकर जून तक सड़क का निर्माण पूर्ण कराने और शिवनंदनपुर (विश्रामपुर) में आईटीआई की मंजूरी की घोषणा की। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया, संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े और अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के चौथे दिन भटगांव विधानसभा क्षेत्र के जिला सूरजपुर स्थित ओडगी विकासखण्ड के ग्राम कुदरगढ़ पहुंचे थे। वे कुदरगढ़ की पहाड़ियों के मध्य महुआ पेड़ के नीचे आमजन की समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत किसानों को अगली किस्त का भुगतान पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर 21 मई को किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव में उत्पादन केंद्र तो बन जाते हैं लेकिन विक्रय की व्यवस्था नहीं रहती इसलिए हम सी-मार्ट बना रहे हैं, ताकि आपको विक्रय की परेशानी ना हो।

मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे लोगों से भेंट-मुलाकात के लिए प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर निकले हैं। भ्रमण के दौरान वे राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति जानने स्थानीय शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं और आम जनता से सीधे फीडबैक ले रहे हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, पेंशन योजनाओं आदि का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है या नही, इसकी जानकारी सीधे आम जनता से प्राप्त कर रहे हैं।

गड़ईपारा के परिवारों को राशन के लिए नही चढ़नी पड़ेगी दुर्गम पहाड़ी

आम जनता से रु-ब-रु चर्चा के दौरान गड़ई पारा निवासी हरीलाल ने बताया कि गड़ई पारा के 25 परिवारों को राशन लेने के लिए 16 किमी पहाड़ चढ़कर कुदरगढ़ आना पड़ता है, जिसमें उन्हें ढाई घंटे का समय लगता है और यदि खराब रास्ते से आते हैं तो 35 किमी का रास्ता तय करना पड़ता है। जिसमें नदी-नाले और खराब रास्ते शामिल हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने उनकी मांग पर उनके गाँव को उनके नजदीक की ग्राम पंचायत छुईडीह से जोड़ने के निर्देश जिला प्रशासन के अधिकारियों को दिए। इससे ग्रामीणो को राशन लेने में सुविधा होगी ।

दिव्या कुशवाहा को मिलेगी चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता

इस दौरान आर्थिक रूप से कमजोर दिव्या कुशवाहा ने अपनी व्यथा बताते हुए मुख्यमंत्री को बताया कि उनके पति की आकस्मिक मृत्यु होने से परिवार के भरण पोषण का भार उन पर आ गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आर्थिक सहायता की मांग की, उन्होंने बताया कि पति की मृत्यु के बाद उनके परिवार में 6 साल के बेटे के अलावा कोई नहीं है, इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल 4 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की।

ग्राम पंचायत बभरा, रैसरा और धरसेड़ी को मिला सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पट्टा

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर राजस्व परिपत्र आरबी 6-4 के प्रावधानों के तहत हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक, 13 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड तथा ग्राम पंचायत बभरा, रैसरा और धरसेड़ी को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पट्टा का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी मितान क्लब कुदरगढ़ को 25 हजार रुपये का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर गिरजापुर सिंचाई बांध के वेस्टवियर के मरम्मत करने के निर्देश दिए। सूरजपुर में अशासकीय विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) की राशि प्राप्त न होने की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री बघेल ने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल में मुख्यमंत्री बघेल से मिलने व्हील चेयर में आए दुर्घटना में घायल आदेश यादव ने मुलाकात कर इलाज की गुहार लगायी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एमआरआई कराने के निर्देश दिए। चपदा गौठान के स्व सहायता समूह की जयकुंवर ने बताया कि वह वर्ष 2020 से गौठान में काम कर रही हैं। उन्हें गत वर्ष वर्मी खाद बेच कर 36 हजार 750 रुपए की आमदनी प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री ने उनकी सराहना की।

क्षेत्रवासियों की दी 2.44 करोड़ रूपए के विकास कार्यो की सौगात

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुदरगढ़ में लगभग 2 करोड़ 44 लाख रूपए की लागत के विभिन्न कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। बघेल ने 74 लाख रुपये की लागत का नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धरसेड़ी, 28 लाख रूपये की लागत का उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन इन्दरपुर का लोकार्पण, 46.48 लाख रुपये की लागत का मेन रोड हर्रापानी पाण्डोपारा पहुंच मार्ग में केरा छरिया नाला में पुलिया, 46.38 रुपये की लागत का परसिया से रामपुर पहुंच मार्ग बगईहा नाला पर पुलिया, 49.99 रुपये की लागत का बिलासपुर से ईरापारा पहुंच मार्ग में इरानाला पर पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने बिहारपुर में पुलिस थाना का किया निरीक्षण

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के चौथे दिन सूरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र के बिहारपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बिहारपुर पुलिस थाना प्रभारी से कानून व्यवस्था की स्थिति और अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने थाना प्रभारी को आमजनता की शिकायतों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यशैली इस तरह की होनी चाहिए कि लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास हो और वह बिना किसी रोकटोक व भय के अपनी समस्याएं एवं शिकायतें बता सके। मुख्यमंत्री को इस मौके पर जब यह मालूम हुआ कि बिहारपुर थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक को डेढ माह बाद सेवानिवृत्त होने वाले हैं, तब मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर थाने का रोजनामचा का मुआयना किया। लंबित प्रकरणों के बारे में जानकारी लेने के साथ ही बंदीगृह, अभिलेख कक्ष और शस्त्रागार, मालखाना का ताला खुलवाकर वहां की स्थिति मुआयना किया। पुलिस थाना के रिकॉर्ड रूम का भी मुआयना किया।

छत्तीसगढ़ ने दुनिया को बताया गोबर की कीमत

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेने के लिए आम जनों के बीच पहुंच रहे हैं। विधानसभाओं के दौरे के क्रम में आज चौथे दिन मुख्यमंत्री भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लटोरी पहुंचे। यहां ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात के लिए आयोजित जन चौपाल को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके बीच आपको सुनने आया हूं, शासन ने जो योजनाएं बनाई हैं, उसके क्रियान्वयन की जानकारी लेने आया हूं। ग्राम करवां से जन चौपाल में पहुंची जननू कुशवाहा ने मुख्यमंत्री को बताया कि गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर बेचकर उनकी आय हो रही है और इससे पहले गोबर की कीमत कोई नहीं जानता था, छत्तीसगढ़ ने पूरी दुनिया को गोबर के महत्व बताया दिया है। देश के कई राज्यों में गोबर खरीदी प्रक्रिया शुरू हो रही है।

मुख्यमंत्री ने भटगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी और समस्याओं का निराकरण भी किया। उन्होंने विश्वकर्मा समाज के मंगल भवन के लिए 10 लाख रूपए और ग्राम चंदरमेहड़ा के यश पाण्डेय को हृदय रोग के इलाज के लिए 50 हजार रूपए की मंजूरी दी।

महतारी दुलार से पढ़ाई हुई आसान

जन चौपाल में सूरजपुर से आई छात्रा आंचल साहू ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि महतारी दुलार योजना से ही उसकी पढ़ाई पूरी हो पा रही है और मैं अब अपने सपनों को साकार कर पाऊंगी। इसी प्रकार ग्रामीण धनेंद्र त्रिपाठी ने स्वामी आत्मानंद के नाम से स्कूल खोलने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि स्वामी जी ने शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया है। मुख्यमंत्री बघेल ने स्वामी आत्मानंद के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण बातों को आमजनों के साथ साझा करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद के योगदान को देखते हुए ही उनके नाम पर स्कूल खोलने का निर्णय लिया गया था।

गौठान से बदल रही महिलाओं की जिन्दगी

ग्राम करवां गौठान में काम कर रही इंदिरा स्व-सहायता समूह की सदस्य सीता जायसवाल ने मुख्यमंत्री को गौठान खोलने के लिए धन्यवाद दिया। सीता जायसवाल ने बताया कि गौठान में रोजगार से महिलाओं की जिंदगी बदली है और आज मैं गौठान से आजीविका प्राप्त कर तीन बच्चों का पालन पोषण कर पा रही हूं। भेंट-मुलाकात के उपरांत महामाया स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मुख्यमंत्री को बांस से बनी बैलगाड़ी भेंट की। साथ ही मुख्यमंत्री ने राजीव युवा मितान क्लब को पहली किश्त के रूप में 25 हज़ार रुपये का चेक भी प्रदान किया।

मुख्यमंत्री से सुश्री परवीन बानो ने निवेदन किया उनकी ग्राम पलमा में उनकी जमीन पर उनके पिता ने कृषि ऋण लिया था, पिता के निधन पर अब हम लोन पटाने में असमर्थ है, मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने कृषि ऋण माफ कर दिया गया है। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को इसकी जांच कराने के निर्देश दिए। जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने सूरजपुर के ग्राम पचायत में सिलफिलि में कोल्ड स्टोरेज बनाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इसे बनवाने के निर्देश दिए। रोजगार दिलाने के नाम पर ठगी करने वाली गुरुकुल संस्था की महिलाओं की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने जांच के निर्देश दिए।

भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साहसी बालिकाओं से मिले

रायपुर। मुख्यमंत्री ने बालिकाओं से बातचीत की। उन्होंने बालिकाओं से उनसे भविष्य की योजना के बारे में पूछामुख्यमंत्री भूपेश बघेल सूरजपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र भंटगांव के बिहारपुर गांव में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण ले रहीं बालिकाओं से मिले। बालिकाएं वहां हिम्मत आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत मार्शल आर्ट, मलखम्ब और योग की ट्रेनिंग ले रही हैं। मुख्यमंत्री ने बालिकाओं से बातचीत की। उन्होंने बालिकाओं से उनसे भविष्य की योजना के बारे में पूछा। सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग ले रही बालिका सुनैना जायसवाल ने मुख्यमंत्री से कहा कि वह आईपीएस अफसर बनना चाहती है। मुख्यमंत्री ने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस के लिए सबसे जरूरी अनुशासन का पालन करना होता है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

बॉलीवुड की ये फिल्में जरूर देखनी चाहिए, जो मां-बच्चे के मजबूत बॉन्ड के साथ सशक्त मां की कहानी दिखाती हैं

मां जो अपने आप में तो सिर्फएक शब्द है, लेकिन बच्चे के लिए उसका सारा संसार है। मां के प्यार और त्याग के एहसानों को कभी नहीं चुकाया जा सकता, क्योंकि मां का प्रेम अनमोल है। उसके त्याग का कोई मोल नहीं अगर हम पूरे जीवन भी मां की सेवा में गुजार दें, तो उसके किए गए समर्पण का सौवां हिस्सा भी नहीं चुका सकते। वैसे तो हर दिन मां के नाम होना चाहिए, लेकिन मदर्स डे का दिन मां के लिए बेहद खास होता है। हिंदी सिनेमा में भी कई ऐसी फिल्मों का निर्माण हुआ है, जिनमें न सिर्फमां और बच्चे के बीच का मजबूत रिश्ता दिखाया गया है, बल्कि मां का एक सशक्त और मजबूत रूप भी दिखाया गया है। हर मां और संतान को ये फिल्में देखनी चाहिए।

मॉम (2017)

श्रीदेवी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म न सिर्फ सौतेली मां के लिए समाज में व्याप्त मिथ्याओं को तोड़ती है, बल्कि सशक्त मां की कहानी भी दिखाती है। फिल्म में आर्य नाम की लड़की की कहानी दिखाई गई है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब उसके स्कूल के ही कुछ लड़के उसके साथ गैंगरेप करते हैं। फिर उनकी सौतेली मां (श्रीदेवी) उनको सबक सिखाने के लिए एक जासूस की मदद लेती है।

मदर इंडिया (1957)

महबूब खान के निर्देशन में बनी फिल्म 'मदर इंडिया' एक ऐसी फिल्म है, जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है। इतने सालों के बाद भी इस फिल्म को आज भी पसंद किया जाता है। इस फिल्म में नरगिस को भले ही गरीबी से मजबूर एक लाचार मां की भूमिका में दिखाया गया था, लेकिन वह अपने बच्चों के लिए दुनिया से लड़ती है। इस फिल्म में मां का किरदार देख हर किसी की आंखों में आंसू आ गए थे। इस फिल्म में एक मां का अपने बेटों के लिए समर्पण दर्शकों को काफी पसंद आया था और ये फिल्म उस समय में सुपरहिट रही थी।

जज्बा (2015)

ऐश्वर्या राय की कम बैक फिल्म 'जज्बा' में उन्होंने एक ऐसी मां का किरदार अदा किया, जिसमें ममता के अलावा उसका गुस्सा, बदला और शक्ति की कहानी भी दिखाई गई है। जो अपने बच्चे पर जरा सी आंच भी आने पर पूरी शक्ति के साथ किसी भी मुसीबत का सामना करने को तैयार है। इसमें एक कामकाजी मां को दिखाया गया है, जो ऑफिस के साथ अपना घर भी संभालती है और अपनी बेटी की रक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार है।

मातृ (2017)

'मातृ' फिल्म में एक ऐसी मां की कहानी दिखाई गई है, जिसकी बेटी का रेप हो जाता है और बाद में उसकी मौत भी हो जाती है, लेकिन इन सबके बावजूद एक मां टूटती नहीं है, बल्कि मजबूत के साथ सिस्टम से लड़ती है और अपनी बेटी के गुनहगारों को सजा दिलवाती है। फिल्म में रवीना टंडन ने एक सशक्त और शक्तिशाली मां का किरदार अदा किया था।

निल बटे सन्नाटा (2015)

अभिनेत्री स्वरा भास्कर के लीड रोल वाली यह फिल्म एक कॉमेडी ड्रामा थी, लेकिन इसमे छिपा संदेश बहुत मजबूत था। फिल्म में स्वरा सिंगल मदर के रूप में थीं जो एक सुस्त युवा लड़की की मां हैं लेकिन वह घरेलू नौकरानी का काम करके अपनी बेटी को पढ़ा लिखाकर सशक्त और मजबूत बनाना चाहती है।

क्या कहना (2000)

इस फिल्म में सैफअली खान के साथ प्रीति जिंटा लीड रोल में दिखाई दी थीं। भले ही ये एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी, लेकिन यह एक ऐसी लड़की की कहानी दिखाती है, जो शादी से पहले मां बनने वाली होती है और लड़का उसका साथ छोड़ देता है। ऐसे में वह हर मुसीबत सहकर भी अपने बच्चे को इस दुनिया में लाती है।

साउथ इंडस्ट्री ने किया है इन बॉलीवुड फिल्मों को कॉपी, जबरदस्त हिट के साथ हुई थी धुआंधार कमाई

केजीएफ चैप्टर 2, आरआरआर और 'पुष्पा' की ताबड़तोड़ सक्सेस के बाद लोगों ने बॉलीवुड की काबिलियत पर सवाल उठाना शुरू कर दिया था। साउथ ऐक्टर किच्चा सुदीप ने हाल ही में एक बयान में कहा था कि बॉलीवुड तमिल और तेलुगु में फिल्में डब कर सक्सेस के लिए स्ट्रगल कर रहे हैं। फिर भी वह कामयाब नहीं हो पा रहे हैं।

बॉलीवुड में साउथ की फिल्मों का रीमेक बन रहा है, पर बॉलीवुड की ऐसी बहुत सी फिल्में है जिनका साउथ फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक बना है और उन फिल्मों ने करोड़ों का बिजनेस किया है। आइए जानते हैं कि वह कौन-कौन सी फिल्मे हैं-

मुन्नाभाई एमबीबीएस-शंकर दादा एमबीबीएस

2003 में रिलीज हुई फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस में सजंय दत्त और अरशद वारसी मेन लीड रोल में थे। इस कॉमेडी मूवी में मुन्ना भाई और सर्किट की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इस फिल्म का साउथ रीमेक शंकर दादा एमबीबीएस के नाम से रिलीज हुआ था, जिसमें चिरंजीवी मुख्य किरदार में थे।

मैं हूं ना-ऐगन

साल 2004 में आई फिल्म 'मैं हूं न' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था और यह बॉक्स ऑफिस पर हिट भी रही थी। इस फिल्म में शाहरुख खान, सुनील शेट्टी, सुष्मिता सेन, जायद खान और अमृता राव नजर आईं थीं। इसके 4 साल बाद 2008 में मैं हूं न की तमिल रीमेक ऐगन आई जिसमें साउथ अभिनेता अजीत कुमार लीड रोल में दिखाई दिए थे।

थ्री इडियट्स-नानबन

चेतन भगत की नॉवेल पर बेस्ड आमिर खान, आर माधवन और शरमन जोशी की फिल्म 'थ्री इडियट्स' आज भी लोगों के दिलों पर राज करती है। फिल्म को साल 2009 में रिलीज किया गया था और इसके बाद साल 2012 में इसकी तमिल रीमेक नानबन रिलीज हुई। जिसमें अभिनेता सत्यराज ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

दंबंग-गब्बर सिंह

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म दंबंग में एक्शन के साथ ही चुलबुल पांडे और रज्जो यानी सोनाक्षी सिन्हा की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आई थी। इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा और सलमान खान मेन लीड रोल में थे। इस फिल्म के बाद साल 2012 में इसकी साउथ रीमेक गब्बर सिंह रिलीज हुई और पवन कल्याण स्टारर ये फिल्म भी हिट साबित हुई थी।

पिंक-नेरकोंडा परवाई

साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म पिंक में सिर्फतीन लड़कियों की कहानी नहीं बल्कि हर लड़की से यह कहीं न कहीं जुड़ती दिखाई दी थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के एक्टिंग को लोगों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में तापसी पन्नू, कृति कुल्हार और एंड्रिया ने तीनों लड़कियों के किरदार निभाए थे। इसके बाद साल 2019 में इसकी साउथ रीमेक नेरकोंडा परवाई के नाम से रिलीज हुई थी और इस फिल्म में मुख्य भूमिका अभिनेता अजीत ने निभाई थी।

ओह माय गॉड-गोपाला गोपाला

अक्षय कुमार और परेश रावल की फिल्म ओह माय गॉड में दर्शकों को खूब पसंद आई थी। लोगों ने इस फिल्म से काफी रिलेट भी किया था। इसके बाद साउथ में इसका रीमेक गोपाला गोपाला बना और एक्टर पवन कल्याण और वेंकटेश इस फिल्म में नजर आए। नॉर्थ के जैसे ही इस फिल्म का डंका साउथ में भी बजा था।

लॉकअप: मुनव्वर फारूकी ने जीती शो की ट्रॉफी, एक लग्जरी कार के साथ मिले 20 लाख रुपए और इटली ट्रिप इनाम

कंगना रनोट के रियलिटी शो 'लॉकअप' की ट्रॉफी स्टैंड अप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी ने जीत ली है। मुनव्वर को विनिंग ट्रॉफी के साथ-साथ 20 लाख रुपए कैश प्राइज, एक मारुति एर्टिगा कार भी मिली है। इसके साथ ही उन्हें इटली का फुली स्पॉन्सर्ड ट्रिप भी इनाम में मिला है। इस शो का फिनाले शनिवार (7 मई) को था। हालांकि कुछ रिपोर्ट्स ने पहले ही ये दावा कर दिया था कि मुनव्वर ही शो के विनर बनने जा रहे हैं।

मुनव्वर चाहते हैं कि उनके काम से लोगों के चेहरे पर सिर्फ हंसी आए

मुनव्वर ने शो का विजेता बनने के बाद कहा, यह मेरे डॉट्स होंगे..जिन लोगों ने मुझे पहले गलत समझा और आज उन्हीं लोगों ने मुझे इतना प्यार दिया, मैं सबका शुक्रगुजार हूं। मैं आगे भी नहीं चाहूंगा कि मेरे काम से किसी को चोट पहुंचे। बस यही चाहता हूं कि मेरे काम से लोगों के चेहरे पर सिर्फ हंसी ही आए। मुनव्वर, जो शो में सबसे मजबूत कंटेस्टेंट्स में से एक थे, ने पायल रोहतगी और प्रिंस नरूला को पीछे छोड़कर सबसे ज्यादा वोट्स हासिल किए हैं। वहीं ग्रैंड फिनाले में कंगना ने खुलासा किया कि शो में कैदी की तरह रह रहे प्रिंस नरुला असल में कैदी ही नहीं थे। कंगना ने बताया कि प्रिंस को एक प्रोजेक्ट मिला था कि उन्हें शो में दूसरे कैदियों से राज निकलवाने हैं और बाकियों को परेशान करना है।

कंगना ने किया अपनी फिल्म के सॉन्ग पर डांस

शो के ग्रैंड फिनाले में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश ने भी 'हम्मा हम्मा' गाने पर रोमांटिक डांस परफॉर्मेंस दी। इसके अलावा कंगना ने भी अपनी प्रिंस के गाने पर जबरदस्त डांस किया। बात करें शो के टॉप-5 फाइनलिस्ट की तो उसमें प्रिंस नरूला, शिवम शर्मा, अंजलि अरोड़ा और आजमा शामिल थे।

इतिहास: रणबीर की 'ब्रह्मास्त्र' डिज्नी स्टूडियो के ग्लोबल रिलीज कैलेंडर में शामिल, ऐसा करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी

एक्टर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ब्रह्मास्त्र पार्ट वन: शिवा' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म ने रिलीज से पहले बड़ा इतिहास रच दिया है। 'ब्रह्मास्त्र' वॉल्ट डिज्नी स्टूडियो पिक्चर्स के ग्लोबल रिलीज कैलेंडर में स्थान हासिल करने वाली भारतीय सिनेमा की पहली फिल्म बन गई है। इसका मतलब यह है कि इस sci-fi ट्रायलॉजी फिल्म को 9 सितंबर को वर्ल्ड वाइड रिलीज किया जाएगा।

यूएस और कनाडा में भी रिलीज होगी 'ब्रह्मास्त्र'

डिज्नी स्टूडियो पिक्चर्स के ग्लोबल रिलीज कैलेंडर 2022 में 'ब्रह्मास्त्र' के अलावा हॉलीवुड के पॉपुलर डायरेक्टर जेम्स कैमरून की सुपर एनीमेशन ड्रामा 'अवतार: द वे ऑफ वाटर', 'थॉर: लव एंड थंडर' और 'ब्लैक पैंथर: वकांडा फॉरएवर' समेत कई फिल्मों के नाम शामिल हैं। इन सभी फिल्मों को डिज्नी स्टूडियो बैनर के द्वारा साल 2022 में रिलीज किया जाएगा।

'ब्रह्मास्त्र' को फॉक्स स्टार स्टूडियो ने प्रोड्यूस किया है, जिसके मालिक वॉक डिजनी स्टूडियो मोशन पिक्चर्स और धर्मा प्रोडक्शंस हैं। इस फिल्म को पांच भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। वहीं वॉल्ट डिज्नी स्टूडियोज मोशन पिक्चर्स द्वारा इस फिल्म को यूनाइटेड स्टेट और कनाडा में भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का डायरेक्शन अयान मुखर्जी ने किया है। वे इसके को-राइटर भी हैं।

'ब्रह्मास्त्र' में पहली बार साथ नजर आएंगे रणबीर-आलिया

फिल्म में रणबीर ने 'शिवा' और आलिया ने 'ईशा' का रोल प्ले किया है। यह पहली बार है, जब रणबीर-आलिया किसी फिल्म में साथ नजर आएंगे। रणबीर-आलिया के अलावा फिल्म में अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय, डिंपल कपाड़िया और नागार्जुन अक्किनेनी भी लीड रोल में दिखाई देंगे।

इस फिल्म के अलावा आलिया 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी', उनकी हॉलीवुड की पहली फिल्म और 'जी ले जरा' और 'डार्लिंग्स' में नजर आएंगी। वहीं रणबीर की बात करें तो वे 'शमशेरा', 'एनिमल' और 'लव रंजन' की अपकमिंग अनटाइटल्ड फिल्म में श्रद्धा कपूर के साथ दिखाई देंगे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

खास खबर

अब नहीं तय करना होगा 16 किमी का पहाड़ी रास्ता, गांव के नजदीक ही मिलेगा राशन

रायपुर। जब वहां चौपाल में आमजनों की समस्याएं सुन रहे थे, तब गड़ईपारा निवासी हरीलाल ने अपनी समस्या रखी और बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के तहत आज भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुदरगढ़ पहुंचे। मुख्यमंत्री जब वहां चौपाल में आमजनों की समस्याएं सुन रहे थे, तब गड़ईपारा निवासी हरीलाल ने अपनी समस्या रखी और बताया कि गड़ईपारा के 25 परिवारों को राशन दुकान से राशन लेने के लिए 16 कि.मी. पहाड़ चढ़कर कुदरगढ़ आना पड़ता है, जिसमें लगभग ढ़ाई घंटे का समय लगता है। कभी-कभी खराब रास्ते से आना पड़ता है, जिसकी दूरी 35 किलोमीटर की है, इस रास्ते में नदी नाले और पथरीले रास्तों से जूझना पड़ता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि उनके गांव को नजदीक की ग्राम पंचायत घुड़ई से जोड़ दिया जाए ताकि उन्हें आसानी से राशन मिल सके और ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। ग्रामीणों की समस्या सुनकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तत्काल गांव के नजदीक की राशन दुकान में उन सभी हितग्राहियों के नाम जोड़ने के निर्देश दिए हैं। डॉ.शिवकुमार डहरिया,संसदीय सचिव पारस नाथ राजवाड़े और अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी उपस्थित थे।

वन विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा

जगदलपुर। वन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास तथा वन मंडलाधिकारी डीपी साहू द्वारा विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने शासन की महत्वाकांक्षी आवर्ती चराई योजना के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया। आवर्ती चराई के लिए चिन्हांकित स्थानों में पशुओं के लिए शेड, कोटना, पानी की व्यवस्था होने के साथ ही वहां गोबर खरीदी और खाद निर्माण का कार्य सतत करने के निर्देश दिए गए। खाद के एवज में भुगतान में किसी भी प्रकार का विलंब नहीं करने को कहा गया। इसके साथ ही मनरेगा मजदूरों के भुगतान में विलंब पर भी कार्यवाही की चेतावनी दी गई। निजी एवं सामुदायिक वन अधिकार पत्र के आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। कोदो-कुटकी, रागी आदि लघु धान्य फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की समीक्षा के साथ ही इनका रकबा बढ़ाने के लिए भी प्रयास करने को कहा गया। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के तहत किसानों को वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए गए। समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए तथा शिकायत की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

शासन की योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचे: मंत्री लखमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। वाणिज्यकर (आबकारी) वाणिज्य एवं उद्योग तथा नारायणपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। मंत्री श्री लखमा ने जीवन ज्योति समिति और खनिज न्यास निधि की भी बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले में विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध करायी गयी है।

जिससे योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया जा सके। इसके लिए सभी अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाये। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी मैदानी स्तर पर स्वीकृत कार्यों में तेजी लाए। शासन द्वारा स्वीकृत कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहना चाहिए। राज्य शासन की मंशा योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचाने की है। मंत्री श्री लखमा ने कहा कि जिले में विशेष रूप से अबूझमाड़ क्षेत्र जो असर्वेक्षित है, उसके मसाहती सर्वे कार्य में तेजी लाये। इसके अतिरिक्त नारायणपुर स्थित बंधुआ तालाब के कार्यों को भी शीघ्र पूरा करायें। उन्होंने जिले में सड़क व्यवस्था और आवागमन को बेहतर बनाने के लिए स्वीकृत कार्यों को जल्द पूरा करने के और आवश्यकतानुसार सुरक्षा व्यवस्था मुहैय्या करना के भी निर्देश दिये।

आबकारी मंत्री श्री लखमा ने शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरूवा और बाड़ी योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले मे निर्मित गौठानों में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं की आय में वृद्धि करने हेतु आयमूलक गतिविधियां संचालित करें। समूह की महिलाओं को मुर्गीपालन पालन से जोड़े, इससे प्राप्त अंडे की आपूर्ति जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों, आश्रम-छात्रावासों में किया जा सकता है। इससे समूह की आमदनी में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की और स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों को तत्काल पूरा कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने वन विभाग अंतर्गत वनोपज खरीदी, तेन्दूपत्ता बोनस, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि, धनवंतरी योजना, धान खरीदी, धान का उठाव व मिलिंग, हैंडपंपों की स्थिति, जल जीवन मिशन, हाफ बिजली बिल योजना, स्वामी आत्मानंद स्कूल, छात्रवृत्ति, जल संसाधन विभाग के कार्यों को पूरा करने सहित सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप और बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम, जिला पचांयत अध्यक्ष श्रीमती श्यामबती नेताम ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनाथ उसेण्डी, नगर पालिक अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मांझी, उपाध्यक्ष श्री प्रमोद नेलवाल, जनपद पंचायत नारायणपुर अध्यक्ष पंडीराम वड्डे, जनपद पंचायत ओरछा अध्यक्ष श्रीमती मालती नुरेटी, कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वनमंडलाधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कोरोना काल में बेहतर सेवाएं देने पर की सराहना

स्वास्थ्य योजनाएं बेहतर तरीके से संचालित करने पर स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने दिया ज़ोर

श्रीकंचनपथ न्यूज

धमतरी। प्रदेश के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सबसे पहले ज़िले के स्वास्थ्य और पंचायत विभाग के अमले को कोरोना काल में बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने ज़िला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आहूत बैठक में स्वास्थ्य अमले को आमजनों की सहूलियत को ध्यान में रख शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर से बेहतर तरीके से संचालन के निर्देश दिए हैं।

मंत्री श्री सिंहदेव ने स्वास्थ्य केंद्रों में मानव संसाधन की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए सुनिश्चित करने कहा कि कहीं भी अतिशेष स्टाफ का अटैचमेंट ना रहे। इसके साथ ही अधोसंरचना और दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों, मितानिन दवा पेटी और ज़िला औषधि भंडार में आवश्यक दवाईयां बनी रहे। कोविड टीकाकरण में पहले डोज में 101 प्रतिशत उपलब्धि के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने दूसरा डोज भी शत प्रतिशत पात्र लोगों को लगाने के निर्देश दिए। बताया गया कि अभी 12 से 14 साल की आयु के 38 हजार 995 में से 23 हजार 910 बच्चों को पहला डोज लगाया जा चुका है। साथ ही इस उम्र के 3017 बच्चों को दूसरा डोज भी लग चुका है। स्वास्थ्य मंत्री ने इसे और बढ़ाने पर भी उन्होंने जोर दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने आयुष्मान भारत/डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना में कार्ड बनाए जाने की समीक्षा करते हुए ज़िले की उपलब्धि 74.7 प्रतिशत को सराहा। इसे और बढ़ाने पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने ज़िले में 102 और 108 वाहन की उपलब्धता और रिस्पॉन्स टाइम की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अमले को सुनिश्चित करने कहा कि जरूरतमंद मरीजों को इसका समय पर लाभ मिले। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गर्भधारण से प्रसव होने तक चरणबद्ध तरीके से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए ताकि समय पर एएनसी जांच और जरूरी दवाईयां/इलाज मिल सके। साथ ही जटिल प्रकरणों में ड्यू डेट से पहले गर्भवती महिला को अस्पताल बुला लेने पर जोर दिया, जिससे कि प्रसव में दिक्कत ना हो। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने हमर लैब, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की समीक्षा करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप हितग्राहियों को उनके निकट रहवास में स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने सभी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

मनरेगा के तहत 15 हजार को 100 दिवस और 18 सौ को मिला 150 दिन का रोजगार-

पंचायत विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती प्रियंका महोबिया ने बताया कि वर्ष 2021-22 में जिले में मनरेगा के तहत कुल एक लाख 59 हजार 444 जॉब कार्डधारी परिवार हैं। वार्षिक मानव दिवस के लिए निर्धारित लक्ष्य 67.37 लाख के विरूद्ध 68.62 लाख मानव दिवस सृजित हुआ है, जो कि लक्ष्य के विरूद्ध 101.85 प्रतिशत है। यानी एक लाख 39 हजार 197 परिवार इससे लाभान्वित हुए जो कुल पंजीकृत श्रमिकों का 96.80 प्रतिशत है। यह भी बताया गया कि 2021-22 में 100 दिवस से अधिक रोजगार प्रदाय करने के 18 हजार 435 परिवार के लक्ष्य के विरूद्ध 15 हजार 54 परिवारों को रोजगार मिला। इसी तरह 1803 ऐसे श्रमिक परिवार हैं जिन्होंने 150 दिवस का पूर्ण रोजगार प्राप्त किया। जिले में नरवा विकास की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि योजना के तहत अब तक कुल 46 नरवा के 518 स्वीकृत कार्यों में से 216 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का जिले में क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए बताया गया कि अब तक स्वसहायता समूह के गठन के 3 हजार 314 के लक्ष्य के विरूद्ध 4 हजार 467 समूह गठित किए जा चुके हैं जो निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 135 प्रतिशत है। यह भी बताया गया कि बिहान योजना के अन्तर्गत जिले में 8 हजार 554 स्वसहायता समूह गठित किए गए हैं।

आप हमारा हाथ पकड़िये हम आपके साथ चलेंगे - गौतम भादुड़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। आज व्यक्ति का जीवन तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह बहुत बड़ी बात है कि अधिवक्ता संघ ऐसे कार्यक्रम में आगे बढकर कार्य कर रहा है। आप हमारा हाथ पकड़िये विधिक सेवा संस्थान आपके साथ काम करेगा, इससे अधिवक्ताओं को एक आत्मसंतोष प्राप्त होगा। थॉमस हॉज की पुस्तक इन डिफेंस ह्यूमन यूज पढ़ें। किसी भी कार्य को करने के लिये उसका मैदानी रूप में क्रियान्वयन न किया जाये तब तक उसका लाभ नहीं मिलता।

उपरोक्त विचार छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं एवं पैनल अधिवक्ताओं का विधिक सेवा का लाभ आमजन को सरलता से उपलब्ध कराये जाने के प्रयोजन से एक दिवसीय ओरियेंटशन प्रोग्राम का शुभारम्भ करते हुए व्यक्त किये।

उन्होंने आगे कहा कि अधिक्तागण विधिक सेवा से संबंधित न्याय बंधु मोबाईल एप से जुड़कर प्रो-बोनो लीगल सर्विसेस के तहत अपना पंजीयन कराकर उसके माध्यम से कुछ प्रकरणों में जरूरतमंदों को उनके प्रकरणों में नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान करना व्यक्त करते हुए नये अधिवक्ताओं को ज्ञान अर्जित करने हेतु वरिष्ठ अधिवक्ताओं से प्रकरणों के संबंध में चर्चा किये जाने की बात कहीं।

न्यायमूर्ति ने रोजमर्रा के जीवन से जुड़े मामलों के संबंध में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा 22ए के अंतर्गत स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवा) के प्रावधानों को जानने एवं इससे जुड़े मामलों जैसे ट्रांसपोर्ट सेवा, पानी, बिजली, बिल्डर्स जैसे मामलों की सेवा में कमी से संबंधित शिकायतों पर स्थायी लोक अदालत जिसका कार्य क्षेत्र व्यापक है उसके माध्यम से निपटारा कराये जाने की बात कही, जिससे आमजन को इसका लाभ प्राप्त हो सके। न्यायमूर्ति ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों जैसे अभियान करूणा, उम्मीद, आसरा, सचेत, मुआवजा, उन्मुक्त आदि का ज़िक्र करते हुए कहा कि अभियान करूणा के तहत वरिष्ठजनों को उनके परिवार में सम्मान सहित रहने, अभियान उम्मीद में मानसिक मरीजों जो स्वस्थ हो चुके हैं उन्हें उनके परिवार से मिलाने की कार्यवाही के बारे में बताया। इन सभी अभियानों से जुड़कर अधिवक्तागण कार्य करें तो उन्हें आत्मसंतुष्टि प्राप्त होगी।

मुस्तैदी से काम करें, जनता के प्रति जवाबदार बने : मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज प्रतापपुर में अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि अधिकारी मुस्तैदी से काम करें और जनता के प्रति जवाबदार बनें। काम में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के तहत कल प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के बाद प्रतापपुर पहुंचे थे।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इलाके में पानी की कमी की स्थिति है, भूजल स्तर में कमी को दूर करने विशेष ध्यान दे, नरवा के काम तेज़ी से पूरे करें। प्रतापपुर सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू उपस्थित थे।

बैठक में मुख्यमंत्री ने बताया कि हेलीकाप्टर से आते समय देखा एक नाला सूख गया है, पर ट्रीटमेंट वाला नाला में पानी है। नरवा योजना के तहत नालों का ट्रीटमेंट तेजी से करें। प्रतापपुर में सरकारी बिल्डिंग में रेन वाटर हार्वेस्टिंग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रायपुर शहर के बाद सूरजपुर पहला जिला है, जहां 800 फ़ीट में पानी नहीं। वाटर रिचार्जिंग में ध्यान दें, बिना झिझक के अच्छा काम करें। श्री बघेल ने कहा कि वन भूमि में जिन लोगों का 13 दिसंबर 2005 के पहले से कब्जा है उन सभी को फारेस्ट लेंड पट्टा मिल जाये। भ्रमण के दौरान राजस्व विभाग की शिकायतें मिली, उनका निराकरण करें। पटवारी की शिकायते ज्यादा हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवर्ती चराई के लिए पहाड़ी, बस्ती से दूर गौठान बन रहे है, इस पर अधिकारी ध्यान दें। गांवों के नजदीक गौठान बनाए। गौठान योजना में गड़बड़ी या लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इसी तरह गरीब लोगों के राशनकार्ड अवश्य बनाए जाएं। यदि किसी गरीब को राशन कार्ड न मिले तो ये हमारी गलती है। यदि कोई समस्या है तो अधिकारियों को अवगत कराइये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि लोगों से उनकी भाषा में बात करिए उनको अच्छा लगेगा। गुड गवर्नेंस का यही तरीका है।

श्री बघेल ने कहा कि जिले के प्रभारी सचिव समीक्षा कर यह सुनिश्चित करें कि जितनी भी घोषणाएं की गई हैं, निर्देश दिए गए हैं, वे पूरे हो। शिकायत निवारण के लिए ऑनलाइन कॉल सेंटर खोले जाएंगे। नालों से बालू की अवैध खुदाई के मामलों में कड़ाई से करवाई की जाएगी। अवैध उत्खनन पर कड़ाई से कार्यवाही होगी।

उचित मूल्य की दुकान के संचालन के लिए मंगाए गए आवेदन

जगदलपुर। बस्तर अनुविभाग के विकास खण्ड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत नंदपुरा (अमलीगुड़ा पारा), कुंगारपाल (गुमगा), तारागांव एवं नगर पंचायत बस्तर अंतर्गत भरवांपदर एवं विकासखण्ड बकावण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भिरलिंगा, पाहूरबेल, बंकावण्ड, मंगनार, सतोषा-01, चोकनार, चोलनार एवं मरेठा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालन करने हेतु इच्छुक, ग्राम पंचायत, स्व सहायता समूह, वन विकास समिति, अन्य सहकारी समितियों से पंजीयन प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन 20 मई तक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में मंगाए गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि आवेदन प्रारूप अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय बस्तर से कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है।

अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोरिंग
विंडोव ब्लाइंड्स, एक्रीलिक रेलिंग, आर्टिफिसियल ग्रास, पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri,
Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
start 17500/-
Bajaj Finance Available
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7
Dakshin gangotri, Supela, Bhilai
Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI,
Oppo, Vivo, Nokia, HTC,
Blue tooth Charger,
Power Bank, Ear Phone,
BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट,
फ्राक, फैंसी सलवार सूट
एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स,
गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh
Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास-खबर

लड़की से दोस्ती पर पहरा लगा तो उसके पिता को ही घोंप दिया चाकू

महासमुंद (ए)। दोस्ती पर अंकुश लगता देख अपचारी बालक ने लड़की के पिता को जान से मारने की कोशिश की। अपचारी बालक ने लड़की के पिता पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। उसके पेट में दो जगह चाकू से वार किया है। घटना के वक्त एक और अपचारी बालक मौजूद था। घटना 6 मई शाम 7 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र के इमलीभाठा वार्ड क्रमांक 2 की है। आरोप में दो अपचारी बालक को बाल संप्रेषण गृह भेज दिया गया। वहीं घायल का इलाज राजधानी रायपुर में चल रहा है। कोतवाली में एसआई विनोद शर्मा ने बताया कि एक अपचारी बालक ने अपने पास रखे चाकू से अधेड़ के पेट पर हमला किया और फरार हो गया। बाद में दोनों अपचारी बालकों को हिरासत में लिया गया। दोनों अपचारी बालक घायल के घर के सामने से अक्सर बाइक से गुजरते और हॉर्न बजाते थे। मना करने पर भी नहीं मानते थे। घायल व्यक्ति की बेटी से अपचारी बालक की दोस्ती थी। घटना के दिन अपचारी बालक ने लड़की की मां को फोन कर कहा कि तुम लोग लड़की को निकलने नहीं देते हो, उसे कोई भी परेशान करेगा तो नहीं छोड़ूंगा। इसके बाद शाम 7 बजे दोनों अपचारी बालक घर के सामने आकर बैठ गए। यह जानकर लड़की का पिता बाहर निकला। अपचारी बालक नाम लिया तो वह गुस्सा गया और चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। वहीं बीच बचाव में आई लड़की की मां व नाना की भी अपचारी बालकों ने पिटाई कर दी।

लंदन के डॉक्टर के नाम से छत्तीसगढ़ में ठगी

गिफ्ट भेजने की बात कहकर नर्स से लिए 7.5 लाख, फेसबुक से हुई थी दोस्ती

पेंड्रा (ए)। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में महिला नर्स से 7.5 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। नर्स से ठगी लंदन के एक डॉक्टर के नाम से हुई है। आरोपी ने उससे गिफ्ट भेजने और अलग-अलग बहाने से उससे पैसे ठगे हैं। इस मामले में जब पीड़िता को इस बात का एहसास हुआ कि उससे ठगी हुई है तब उसने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मामला गौरेला थाना क्षेत्र का है।

इस केस में सीएचसी गौरेला में काम करने वाली नर्स पूनम लकड़ा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उसने बताया कि 25 मार्च को उसकी फेसबुक में डॉक्टर जस्टिन डगलस से दोस्ती हुई थी। उसने बताया कि मुझे लगा था कि यह वह डॉक्टर है जो कुछ समय पहले रायपुर में था। इसी वजह से मैंने उससे बात शुरू की थी। बातचीत के बाद दोनों ने नंबर एक्सचेंज कर लिया था। उस डॉक्टर ने भी कहा था कि हां वह रायपुर में काम कर चुका है।

जन्मदिन की बधाई देने से शुरू हुआ ठगी का खेल

नर्स ने बताया कि उस डॉक्टर ने कहा था कि उसका एक अप्रैल को जन्मदिन है। इसलिए मैंने उससे जन्मदिन की बधाई दी। यहीं से यह सब खेल शुरू हो गया। इस पर उस डॉक्टर ने भी पूनम का जन्मदिन पूछ लिया था। पुनम ने उसे बताया कि उसका जन्मदिन 8 मार्च को था। जो निकल चुका है। फिर आरोपी ने कहा था कि मैं आपके लिए जन्मदिन का उपहार भेज रहा हूं। इसके लिए उसने नर्स का पता भी लिया था। बाद में तथाकथित डॉक्टर ने नर्स को ईस्टर और उसके जन्मदिन में गिफ्ट भेजने की बात कहते हुए कूरियर की रसीद और फोटो भेजी। कहा कि मैंने आपका गिफ्ट भेज दिया है। नर्स ने बताया कि सामान जो भेजा गया था। वह दिल्ली तक मैंने ट्रैक भी किया। लेकिन उसी दिन दिल्ली से फोन आया कि आपका सामान दिल्ली में कस्टम ने पकड़ लिया है। क्योंकि इसमें सोने चांदी और विदेशी पैसे हैं। ऐसे में आपको कुछ पैसे देने होंगे। साथ ही उस डॉक्टर ने भी इंडिया आने की बात कही थी।

डरा धमकाकर लिए पैसे

बताया गया कि कस्टम के नाम से किसी युवती का फोन आया, जिसने पार्सल में सोना और विदेशी मुद्रा होने की बात कहते हुए नर्स को धमकाया। कहा गया कि एटीएस, इनकम टैक्स और दूसरे विभाग के लोग आप पर कार्रवाई करेंगे। अगर बचना है तो पैसे जमा करने होंगे। इसी तरह से डराया धमकाया गया और अलग-अलग किस्त में 7.5 लाख रुपए ले लिए गए। इतना ही नहीं डॉक्टर अगले कुछ दिनों तक उससे चैट भी करता रहा। वादा करता रहा कि मैं आकर सब ठीक करता दूंगा। लेकिन वह नहीं आया। इसके बाद उसने बात करना भी बंद कर दिया। तब जाकर नर्स को उससे ठगी का एहसास हुआ। नर्स ने बताया कि मैंने डर के कारण बैंक से भी 5 लाख रुपए लोन ले लिए।

खुद को कहता था आंख का डॉक्टर हूं

पीड़िता ने यह भी बताया कि डॉक्टर लंदन को खुद को आंख का डॉक्टर बताता रहा । उसने अपने परिजनों को भी इस बात की जानकारी नहीं दी है। अब पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आशंका है कि इस ठगी की वारदात को नाइजेरियन गैंग ने अंजाम दिया है।

मैट्स यूनिवर्सिटी कैंपस में लगी आग

पगारिया कॉम्प्लेक्स में देर रात हादसा, 6 घंटे में पाया गया काबू

रायपुर (ए)। रायपुर स्थित प्राइवेट यूनिवर्सिटी मैट्स के कैंपस में शनिवार देर रात अचानक आग लग गई। हादसा पंडरी के पुराने बस स्टैंड के पीछे बने पगारिया कॉम्प्लेक्स में हुआ है। आग इतनी भीषण थी कि करीब 6 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा।

पगारिया कॉम्प्लेक्स में और भी दुकानें हैं। आसपास के कई कारोबारी इस घटनास्थल पर पहुंच गए। इसी कैंपस में एक न्यूज़ चैनल का भी दफ्तर है। कारोबारी यहां रेस्क्यू के नाकाफी इंतजाम को देखकर भड़क गए। अफर-तफरी मची तो पुलिस महकमे के अफसर भी पहुंचे। प्राइवेट स्टील प्लांट से दो दमकल वाहन मंगाए गए। रायपुर के फायर स्टेशन से चार वाहन पहले से ही रेस्क्यू के काम में जुटे हुए थे। आसपास के इलाके की बिजली काट कर करीब 6 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। देर रात 3:00 बजे तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा। तड़के करीब 4:00 बजे तक घटनास्थल पर रेस्क्यू टीम कूलिंग का काम करती रही ताकि दोबारा आग ना भड़के। माना जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से यह आग लगी। इस घटना में लाखों का नुकसान हुआ है। अब रविवार की सुबह जांच के बाद यह साफ हो सकेगा कि आग लगने के मुख्य कारण क्या थे और नुकसान का आकलन भी किया जाएगा।

शुक्रवार रात को भी अचानक राजबंधा मैदान इलाके में आगजनी की ऐसी ही घटना हुई। इसमें कबाड़ की एक दुकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। कबाड़ की दुकान के पास बने फूड स्टॉल के कुछ सिलेंडर भी फट पड़े थे पिछले 24 घंटों में आगजनी की एक दूसरी बड़ी वारदात है।

बस स्टैंड में रायपुर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, मिला दो किलो गांजा

रायपुर (ए)। राजधानी में बीते कुछ दिनों से एसएसपी प्रशात अग्रवाल को अवैध गांजे की तस्करी की सूचना मिल रही थी जिस सिलसिले में आज उनके निर्देशन पर पुलिस की टीम ने बस स्टैंड पर अचानक चैकिंग अभियान किया।

नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश चौधरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी टिकरापारा अमित बेरिया, थाना प्रभारी तेलीबांधा सोनल ग्वाला सहित थानों एवं रक्षित केन्द्र के पुलिस बलों व डाग स्क्वाड की टीम द्वारा बस स्टैंड में अन्य राज्यों एवं जिलों से आने वाली बसों, संदिग्ध यात्रियों एवं यात्रियों के सामानों की चेकिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा अलग - अलग राज्यों व जिलों से आने वाली लगभग 60 - 65 बसों की चेकिंग करने के साथ ही संदिग्ध यात्रियों एवं यात्रियों के सामानों को भी चेक किया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिल गई। ओड़िसा से आने वाली एक बस में सीट के नीचे 02 किलोग्राम गांजा लावारिस हालत में पाया गया, जिसे पुलिस द्वारा लावारिस हालत में जप्त किया गया।

इसी प्रकार सूरजपुर से आने वाली एक बस में सोने चांदी के 03 कारोबारियों के पास लाखों रूपये नगदी रकम एवं लाखों रूपये कीमत के सोने एवं चांदी के जेवरात पाये जाने पर तीनों कारोबारियों को थाना टिकरापारा लाकर रूपये एवं जेवरातों के संबंध में तस्दीक किया गया। जांच के दौरान कारोबारियों द्वारा रूपये एवं जेवरातों के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने पर तीनों कारोबारियों को उनके नगदी रकम एवं सोने चांदी के जेवरात सकुशल उनके सुपुर्द किया गया।

रायपुर पुलिस की बस स्टेण्ड में बसों, संदिग्ध यात्रियों एवं सामानों की चेकिंग अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। बता दें लगातार बाहरी राज्यों से अवैध चीजों की तस्करी की जा रही थी जिसे गम्भीरता से देखते हुए एसएसपी ने बाहरी राज्यों से आने वाले सभी बसों और यात्रियों के सामानों की तलाशी लेने के निर्देश दिए थे।

दुर्घटनाओं से साल भर में चार हजार से ज्यादा मौतें मृत्यु का पांचवां सबसे बड़ा कारण सड़क हादसा

रायपुर (ए)। प्राकृतिक आपदाओं से भी ज्यादा मौत दुर्घटनाओं से हो रही है। अकेले छत्तीसगढ़ में पिछले एक साल में सड़क दुर्घटनाओं से चार हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। देश भर में यह संख्या डेढ़ लाख के करीब है। मृत्यु का पांचवां सबसे बड़ा कारण सड़क दुर्घटना है। मरने वालों में 80 प्रतिशत संख्या युवाओं की होती है। इन दुर्घटनाओं से देश को प्रति वर्ष लगभग 80 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होता है, जो कि सकल विकास दर (जीडीपी) के दो प्रतिशत के बराबर है। यह बात प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नेतृत्व में चौबे कालोनी में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए यातायात प्रशिक्षक टीके भोई ने बताई। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि वाहनों की संख्या निरंतर बढ़ती ही जा रही है। सड़कों पर जगह की कमी होने से आने वाले समय में यातायात की समस्या सबसे बड़ी समस्या होगी। यदि यही हाल रहा तो कुछ दिनों में सड़कों पर चलने के लिए जगह नहीं बचेगी। दुर्घटना से बचने के लिए यातायात के नियमों का पालन करना जरूरी है।

लापरवाही से दुर्घटना

प्रशिक्षक ने कहा कि ज्यादातर दुर्घटनाएं चालक की लापरवाही से होती हैं। यदि चालक अच्छा हो और वह यातायात के नियमों का पालन करता हो तो दुर्घटनाओं की संभावना कम हो जाती है। दुर्घटनाओं से बचने के लिए हमें यातायात संकेतों का ज्ञान होना जरूरी है। उन्होंने विस्तार से बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से यातायात संकेतों का परिचय दिया तथा उनका पालन करने की सीख देते हुए कहा कि सड़क पार करने के लिए जेब्रा क्रासिंग का ही उपयोग करना चाहिए। आधी सड़क दाहिनी ओर देखते हुए और आधी सड़क बाएं देखते हुए पार करनी चाहिए।

प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित करते हुए जीवन में कार्य करें। भरपूर आत्मविश्वास हो तो लक्ष्य तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता है। लक्ष्य पर टिके रहें, हर रोज लक्ष्य न बदलें।

अपने आपको श्रेष्ठ समझें

बच्चों में आत्मविश्वास जगाते हुए कहा कि जैसे भी हैं, चाहे लंबे, ठिगने हों, गोरे हों अथवा काले हों, सदैव यह समझें कि आप बहुत अच्छे हैं। आप यूनिक हैं। आप जैसा दुनिया में दूसरा कोई नहीं है। कभी भी अपनी तुलना किसी अन्य व्यक्ति से नहीं करनी चाहिए। तुलना करने से हीन भावना आ जाती है। यह सोचें कि आप श्रेष्ठ हैं। अपनी उसी विशेषता के दम पर आगे बढ़ें।

युवती से फोन पर बात करने का आरोप लगाकर सब्जी व्यवसायी की पिटाई

बिलासपुर (ए)। सब्जी व्यवसायी को महाराणा प्रताप चौक में बुलाकर युवकों ने पिटाई कर दी। हमलावरों में शामिल युवक ने सब्जी व्यवसायी पर अपनी बहन से फोन पर बात करने का आरोप भी लगाया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। तिफरा के यदुनंदन नगर सूर्या विहार में रहने वाले चंद्रप्रकाश केसी सब्जी व्यवसायी हैं। शुक्रवार की रात उनके परिचित ने उन्हें फोन कर महाराणा प्रताप चौक के पास बुलाया। उसने अपनी बहन से फोन पर बात करने की बात को लेकर सब्जी व्यवसायी से विवाद शुरू कर दिया। इसका विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी देते हुए बांस के डंडे से सब्जी व्यवसायी की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान उसके साथियों ने व्यवसायी को पकड़ रखा था। मारपीट के दौरान आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। इसके बाद घायल ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर घटना की शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुरानी रंजिश पर छात्र के घर घुसकर पिटाई

बिलासपुर (ए)। कोनी क्षेत्र के रमतला में युवकों ने छात्र के घर में घुसकर पिटाई कर दी। कोनी क्षेत्र के रमतला में रहने वाले रोशन सिंह बरगाह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। 15 दिन पहले उनका गांव के महेश बरगाह और दुर्गेश बरगाह से विवाद हुआ था। गांव वालों के समझाने पर वे शांत हो गए थे। शुक्रवार की सुबह महेश और दुर्गेश उनके घर में घुस आए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए रोशन को घर से बाहर निकलने कहा। इस पर रोशन अपने घर में छिप गया। युवक उसके घर में घुसकर रोशन की पिटाई करने लगे। स्वजन ने बीच-बचाव कर उसे छुड़ाया। इसके बाद युवक उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मारपीट से घायल ने इसकी शिकायत कोनी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिसकर्मी पति पर धोखाधड़ी व मतांतरण के लिए दबाव बनाने का आरोप

जगदलपुर। झारखंड निवासी 25 वर्षीय एक महिला ने जगदलपुर में पदस्थ पुलिसकर्मी पर पहले अनाचार करने, सजा से बचने कोर्ट में शादी करने, उसके बाद दूसरी महिला से ब्याह रचाने का आरोप लगाया है। महिला ने यह भी शिकायत की है कि वह आदिवासी है, जबकि पति ने ईसाई मत अपनाया है। वह उस पर मतांतरण करने और गोमांस खिलाने का भी दबाव बनाता रहा है। महिला ने आइजी बस्तर सुंदरराज पी व एसएसपी जितेंद्र सिंह मीणा को लिखित में शिकायत कर पति पर कार्रवाई करने की मांग की है।

झारखंड के ग्राम नावाटोली, थाना रायडीह, जिला गुमला निवासी प्रार्थिया ने शिकायत में बताया है कि पुलिस विभाग में फिजिकल ट्रेनर आशीष मिंज ने वर्ष 2014 में शादी का झांसा देकर उससे कई बार संबंध बनाए। बाद में शादी से मना कर देने पर उसने पुलिस में उसकी शिकायत की थी। कोर्ट ने उसे सजा भी सुनाई थी। सजा से बचने के लिए उसने उसे दोबारा झांसे में लिया और एक बार फिर शादी करने का भरोसा दिलाया। 25 अक्टूबर 2018 को उसने कोर्ट मैरिज भी की।

इसके बाद वह उसे अपने घर नहीं ले जाना चाह रहा था। दबाव डालने पर किसी तरह घर ले गया। वहां उसके साथ दहेज के नाम पर मारपीट की जाने लगी। युवती ने आशीष के घरवालों पर उसका मतांतरण करवाने और जबरन गोमांस खिलाने का आरोप भी लगाया है। देवर पर उसका फर्जी आइडी बनाकर इंटरनेट मीडिया पर बदनाम करने का प्रयास करने की शिकायत भी की है।

पीड़िता के अनुसार आशीष के विरुद्ध गुमला न्यायालय में धोखाधड़ी समेत विभिन्ना धाराओं के तहत मामला विचाराधीन है। इसके बावजूद उसने बीते दो मई को जगदलपुर के आड़ावाल के एक चर्च में एक अन्य महिला से विवाह कर लिया है। इसकी सूचना मिलने पर वह उसके घर जगदलपुर पहुंची तो उसे भीतर घुसने नहीं दिया गया। महिला ने बोधघाट पुलिस पर भी असहयोग करने का आरोप लगाया है।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

महिला ने लिखित में शिकायत की है। मामले की जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-लालजी सिन्हा, टीआई, बोधघाट थाना

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. - 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

खास - खबर

जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार जायसवाल ने किया पदभार ग्रहण

दुर्ग। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के पद पर रहे संजय कुमार जायसवाल को विगत दिनों जिला न्यायालय दुर्ग का जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर स्थान्तत्रित किया गया है। स्थान्तरण पश्चात जायसवाल ने शनिवार को अपना पद भार ग्रहण कर लिया है। उनके पदभार ग्रहण करने पर जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा संघ की अध्यक्ष नीता जैन के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने उनका मुह मीठा कराकर पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया व विभिन्न विषयों पर उनसे चर्चा की गई । इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष प्रशान्त जोशी,सुनीता कसार, सचिव रविशंकर सिंह,कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, सह सचिव कृष्णराज चंदेल, सांस्क्रतिक एवं क्रीड़ा सचिव मोनिका सिंह,ग्रंथालय सचिव द्रोण ताम्रकार व कुलेश्वर साहू ,कार्यकारिणी सदस्य आशीष शुक्ला, अमर जैन आकाश कश्यप, अशोक सिन्हा, उमा भारती साहू, चंद्रकला साहू, आशीष तिवारी सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे। यह जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी मो.दानिश परवेज व मनोज मिश्रा ने दी है।

मुख्यमंत्री मितान योजना से संबंधित जानकारी प्रदाय करने के लिए कार्यशाला का आयोजन

दुर्ग। शासन की अति महत्वकांक्षी योजना के सफल संचालन व जनता को सुलभ सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य को लेकर इस योजना का लाभ जनता तक कैसे पहुंचे योजना को प्रचार-प्रसार कर अंतिम छोर तक निवासरत् आम जनता तक पहुंचाने नगर निगम के डाटा सेंटर सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शहर विधायक, महापौर, पिछडा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष, सभापति, पूर्व महापौर, पार्षद व जागरूक जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी संगठन के प्रतिनिधित्व स्वच्छता वार्ड एम्बेसेडर शामिल हुए। मुख्यमंत्री मितान योजना के संदर्भ में निगम आयुक्त हरेश मंडावी, स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दीवान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने विस्तृत जानकारियां दी। उन्होने योजना के संबंध में बताया कि इस योजना से लोगो को घर पहुंच सेवा के तहत् शासकीय योजनाओ का लाभ आम जनता को मिलेगा। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए दो मितान की नियुक्ति शासन द्वारा की गई है, जो घर पहुंच सेवा देंगे।

खुर्सीपार में दया सिंह का जनता दर्शन का दूसरा रविवार

पेयजल संकट से निपटने 6 बोरिंग को तत्काल शुरू कराया, 4 बेटियों की शादी के लिए परिजनों की मदद

- हर सप्ताह वार्ड 44 खुर्सीपार में दया सिंह लगा रहे हैं जनता दर्शन चौपाल
- सड़क, नाली समेत अन्य समस्याओं को लेकर पहुंचे थे लोग
- दया सिंह को सैकड़ों लोगों ने बताई समस्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। मुख्यमंत्री या कलेक्टर दर्शन की तर्ज पर खुर्सीपार के वार्ड-44 लक्ष्मीनारायण वार्ड में जनता दर्शन के दो सप्ताह पूरे हो गए। आज दूसरे सप्ताह में श्रीराम चौक के पास जनता दर्शन की चौपाल लगाई गई। भाजपा के वार्ड पार्षद दया सिंह ने इसकी शुरुआत की है। जिस तरह मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता और कलेक्टर दर्शन में कलेक्टर अपने जिला की जनता की समस्या को सुनकर उनका निराकरण करते हैं। ठीक उसी तरह अब पार्षद व बोलबम कल्याण व जनसेवा समिति के अध्यक्ष दया सिंह अपने वार्ड 44 लक्ष्मीनारायण वार्ड में जनता की समस्याओं को सुना और समस्याओं का तत्काल समाधान कराया।

भाजपा पार्षद दया सिंह ने बताया कि आज जनता दर्शन वार्ड-44 के श्रीराम चौक के पास लगाया गया। जहां वार्ड की जनता कामकाजी व फुटकर व्यवसायी सहित नौकरीपेशा है, जो समय के अभाव में अपनी समस्या अपने जनप्रतिनिधि के समक्ष नहीं रख पाते। इसलिए उन्होंने अपने वार्ड में जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत उनके मोहल्लो में उनके द्वार के पास जाकर उनकी समस्याओं के निराकरण एवं सुझावों के लिए मुलाकात करने का फैसला किया। पहले दिन जनता दर्शन में काफी लोग पहुंचे। ये सब निगम के अधिकारियों के अनसुने करने वाली कार्यशैली से परेशान है। अब उन्हें उम्मीद और राहत दोनों मिल रही है।

हर रविवार को लगेगा जनता दर्शन, स्थान होंगे परिवर्तन

दया सिंह ने बताया कि, पहला जनता दर्शन जलाराम मंदिर में लगा। तीसरा रविवार डॉ. अंबेडकर मंच और चौथा रविवार पार्षद कार्यालय में जनता दर्शन लगाया जाएगा। यह दर्शन प्रति रविवार को सुबह 7 से 10 बजे तक लगाया जाएगा। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की है कि जनता दर्शन में उपस्थित होकर अपनी समस्या को बताएं और उनका समाधान पाएं।

जनता दर्शन में लोगों को मिला समाधान, लोगों ने जताया आभार

- मोहल्ले की 6 बोरिंग बंद पड़ी हुई थी। इसे दया सिंह ने तत्काल शुरू कराया।
- 4 बेटियों की शादी के लिए दया सिंह ने आर्थिक मदद के लिए हाथ बढ़ाया। इससे परिजन खुश हुए और उन्होंने दया सिंह को ढेर सारा आशीर्वाद दिया।
- राशन कार्ड की समस्या थी और पेंशन के लिए बैंक बदलने की वजह से लोग परेशान थे। छुट्?टी के दिन भी तत्काल बैंक मैनेजर से चर्चा पेंशन प्रकरण का निराकरण कराया।
- जिन लोगों का कहीं भी मकान नहीं है, उनके लिए सरकार योजना चला रही है। ऐसे वार्ड के 78 लोगों का फॉर्म भराया गया।
- पिछले सप्ताह दया सिंह ने वार्ड में पानी टैंकर शुरू कराया था।

विधायक अरुण वोरा ने समस्याग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया

निगम के जलकार्य विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। उत्कल नगर में जलसंकट की शिकायत मिलने पर वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने आज सुबह संकटग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यहां सभी बोर या तो सूख गए हैं या फिर बिगड़े पड़े हैं। वोरा ने नाराजगी जताते हुए निगम अधिकारियों को बिगड़े बोर की मरम्मत तत्काल कराने के निर्देश दिये हैं। वोरा ने कहा कि वार्ड 48 की बस्ती में करीब 5 सौ मकान हैं। जल संकट के कारण यहां के रहवासी परेशान हैं। निगम अधिकारी यहां पेयजल संकट की शिकायत का तत्काल निराकरण करें। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि न्यू पुलिस लाइन के बगल में उत्कल बस्ती में बोर से पानी नहीं मिल रहा है।

ठगड़ा बांध में जलभराव न होने के कारण यहां का भूजल स्तर गिर गया है। बोर से पानी नहीं मिल रहा है। अमृत मिशन योजना के तहत लगे नलों से भी पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। वोरा ने निगम अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि अमृत मिशन योजना का पानी पर्याप्त प्रेशर से उपलब्ध कराने आवश्यक कार्य किया जाए। स्थानीय नागरिकों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।

अधूरी योजनाओं को शीघ्र पूरा करें

वोरा ने कहा कि शहर में अधूरी योजनाओं के बचे कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जाए। वोरा ने निगम कमिश्नर हरेश मंडावी से कहा है कि अमृत मिशन योजना के बचे कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट के सभी अधूरे कार्यों को तेजी से पूरा कराना जरूरी है। मुख्यमंत्री हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। उनके आगमन से पहले ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट योजना का काम पूरा कर लिया जाए। इसके अलावा जीई रोड और बोरसी रुआंबांधा रोड के डामरीकरण का काम भी बारिश से पहले पूरा किया जाना चाहिए। वोरा ने नगर निगम और पीडब्लूडी के सभी अधूरे कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए।

विद्युत कटौती के दौरान पानी सप्लाई का निरीक्षण करने तड़के सुबह वार्ड क्षेत्रों में पहुंचे आयुक्त सर्वे

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। तड़के सुबह 5 बजे विद्युत कटौती के दौरान निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र पहुंचे। पहले उन्होंने वहां के सभी मोहल्ले का निरीक्षण किया।

इस दौरान आयुक्त ने रहवासियों से फीडबैक लिया। महिलाओं ने बताया कि पहले पानी की समस्या बहुत थी, परंतु जबसे विद्युत कटौती हो रही है तब से पानी पर्याप्त मात्रा में आ रहा है। इस दौरान आयुक्त के निर्देश पर अधिकारियों ने पाईप को पकड़कर उपर किया, ताकि पानी के प्रेशर का पता चल सके, 7-8 फीट पाईप को उपर करने पर भी प्रेशर के साथ पानी आ रहा था। मौके पर आयुक्त को रहवासियों से यह जानकारी मिली कि विद्युत कटौती के दौरान इस समय में पंप ऑपरेटर द्वारा पानी को खोलने में विलंब किया जा रहा है। इस पर उन्होंने वैशाली नगर जोन के कर्मचारियों को विद्युत कटौती के ठीक दौरान पानी सप्लाई करने के कड़े निर्देश देते हुए फटकार भी लगाई। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने निर्देश दिए हैं कि पानी की समस्याओं का समाधान करने मैदानी अमला वार्ड क्षेत्रों में सक्रिय रहे और कहीं भी पानी की समस्या होने पर उसका त्वरित समाधान करें। महापौर स्वयं जल विभाग के आला अधिकारी की समय-समय पर बैठक लेकर निर्देशित कर रहे हैं, आज भी उन्होंने अधिकारियों की बैठक ली। महापौर ने हैंड पंप, मोटर पंप एवं पावर पंप के सुचारू संचालन के लिए गैंग के कर्मचारियों को हमेशा वार्डों में सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं, इसके लिए उन्होंने संबंधित एजेंसी को भी निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में सबसे पहली प्राथमिकता पानी को देंवे और स्वयं जोन के अधिकारी मोहल्ले और वार्ड क्षेत्रों का निरीक्षण कर पानी की समस्याओं का समाधान करें। आयुक्त ने मदर टेरेसा नगर जोन अंतर्गत बैकुंठधाम के समीप की बस्तियों का निरीक्षण किया। स्पॉट पर नल कनेक्शन की मांग की, जिस पर आयुक्त ने तत्काल नल कनेक्शन देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विद्युत कटौती के दौरान टुल्लू पंप का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

शासकीय अवकाश के दिन भी भिलाई निगम में खुला रहा आधार कार्ड की सेवा, हितग्राहियों ने उठाया लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित जोन 1, 4 व 5 कार्यालय में आज शासकीय अवकाश के दिन भी आधार कार्ड की सेवा खुली रही। हितग्राहियों ने आधार कार्ड सेवा का लाभ उठाया। महापौर नीरज पाल एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश के बाद आधार कार्ड सेवा अब भिलाई निगम के कार्यालयों में शनिवार को भी अवकाश के दिन खुला रहेगा।

निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने इसके निर्देश अधिकारियों को दिए थे। यह निर्णय उन लोगों के लिए काफी फायदेमंद है जो शासकीय नौकरी में सेवारत है, अवकाश होने के कारण शासकीय सेवक अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड बनवा एवं सुधरवा सकते हैं। वही आधार कार्ड के लिए अन्य दिनों में लगने वाली लंबी लाइन से भी छुटकारा मिलेगा। शनिवार को अवकाश के दिन हितग्राही अपना आधार कार्ड से संबंधित कार्य करवा सकते हैं। प्राय: आधार कार्ड में किसी प्रकार की त्रुटि सुधार के लिए तथा नया आधार कार्ड बनाने के लिए हितग्राही निगम में पहुंचते हैं। छुट्टी के दिन आधार कार्ड का कार्यालय निगम मुख्य कार्यालय के बंद होने के साथ ही बंद हो जाती थी परंतु अब आधार कार्ड बनाने का काम हर शनिवार को जारी रहेगा, सप्ताह में 6 दिन आधार कार्ड के कार्यालय सेवाओं के लिए खुले रहेंगे। आज आधार कार्ड के ऑपरेटरों ने कई हितग्राहियों के आधार कार्ड बनाने एवं त्रुटि सुधार की प्रक्रिया की। आधार कार्ड बनवाने पहुंची महिला मंजू साहू, साहिल वर्मा, पम्मी वर्मा ने बताया कि आधार कार्ड की जरूरत आज हर जरूरी कार्यों के लिए आवश्यक हो गया है, बच्चों का भी आधार कार्ड बनवाना होता है, कुछ त्रुटि होने पर सुधार भी आवश्यक है ।

फिट/50 महिला ट्रांस हिमालयन अभियान में शामिल बीएसपी की पर्वतारोही सविता धापवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-बीएसपी की कार्मिक व अनुभवी पर्वतारोही श्रीमति सविता धापवाल, जिसने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह किया है, महिला टीम के अन्य सदस्यों के साथ फिट/50.महिला ट्रांस हिमालयन अभियान 2022 का आनंद ले रही है। टीम का नेतृत्व माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली भारत की पहली महिला सुश्री बछेंद्री पाल द्वारा किया जा रहा है। यह अभियान टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के साथ हाथ मिलाकर प्रारंभ किया गया है।

वर्तमान में श्रीमति सविता धापवाल काठमांडू, नेपाल में हैं। श्रीमती धापवाल, टीम के अन्य सदस्यों के साथ एक दिन में औसतन 30 किलोमीटर की दूरी तय कर रही हैं। वे प्रतिदिन लगभग 10 घंटे ट्रेकिंग करती हैं। टीम हिमालय के पूर्व से पश्चिम तक, अरुणाचल से काराकोरम रेंज तक की लगभग 4,977 किलोमीटर की यात्रा कर रही है। अपनी यात्रा का अनुभव साझा करते हुए श्रीमती धापवाल बताती है कि पहाड़ों पर बिखरी प्रकृति की सुंदरता को नजदीक से देखने का मौका मिला है। धूप को चूमते पहाड़ों, सुरम्य वादियों ने यात्रा का रोमांच और बढ़ा दिया है। विशेष रूप से ओलावृष्टि ने यात्रा में चुनौतियां खड़ी की परन्तु हमारी टीम ने अदम्य साहस दिखाते हुए इन चुनौतियों पर विजय पायी है। यह यात्रा बेहद रोमांचक होने के साथ ही पहाड़ों की ऊँचाई छूने की तमन्ना को पूर्ण कर रहा है। इस अभियान में शामिल 12-सदस्यीय महिला टीम, जिनकी आयु 50 वर्ष से भी अधिक है, शायद इसी रोमांच की तलाश कर रही थी। सेल-भिलाई के इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल, सेक्टर-6 की लेक्चरर श्रीमती धापवाल कहती हैं कि मेरे लिए यह एक ऐसा अवसर है जिसकी मुझे तलाश थी। उनके पति, श्री एचएस धापवाल हाल ही में भिलाई इस्पात संयंत्र के टी एंड डी विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं।

विदित हो कि भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता और ईडी (पी एंड ए) श्री के के सिंह ने भिलाई में 22 फरवरी 2022 को श्रीमती धापवाल से मुलाकात की और टीम में शामिल होने के लिए भिलाई से रवाना होने से पहले उनको शुभकामनाएं दी। सेल की अध्यक्ष श्रीमती सोमा मंडल ने भी नई दिल्ली में टीम के सभी सदस्यों से मुलाकात की। अभियान 8 मार्च 2022 को शुरू हुआ। टीम के प्रत्येक सदस्यों को सेल-बीएसपी द्वारा ट्रैकसूट प्रदान किया गया। श्रीमती धापवाल बताती हैं कि उन्होंने जब असम के डिब्रुगढ़ में 100 किलोमीटर के माइलस्टोन को पार किया, वहां भारतीय सेना के विषेष योद्धाओं ने उनकी मेजबानी की। सेना ने विभिन्न स्थानों पर ट्रेकिंग के लिए स्थानों की उचित रेकी की और ट्रेकर्स की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त बदलाव का सुझाव दिया। सेना ने अलग-अलग जगहों पर रहने-खाने की भी व्यवस्था की। श्रीमती धापवाल सेना, एनसीसी कैडेटों, स्कूलों और स्थानीय लोगों द्वारा सम्मानित किए जाने पर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। मेनोका में चाय चखने से लेकर स्थानीय आतिथ्य सत्कार तक, उनके प्रायोजकों द्वारा दिए गए तैयार भोजन, स्कूलों में नाइट हॉल्ट के रूप में रहने से लेकर सर्किट हाउसों में ठहरना, दुर्गम क्षेत्रों, जंगलों और सैन्य क्षेत्रों में सेना के जवानों का साथ देना इस अभियान की यात्रा को रोमांचक और सुखद बना रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950